रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जनवरी 4, 2007/पौष 14, 1928
No. 4] NEW DELHI, THURSDAY, JANUARY 4, 2007/PAUSA 14, 1928

रेल मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 2007

सा.का.नि. 4(अ).—केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) की धारा 198 के साथ पठित धारा 4क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :--

अध्याय 1

प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभः-

1. इन नियमों का संक्षिप्त नाम रेल भूमि विकास प्राधिकरण (गठन) नियम, 2007 है।
2. ये नियम राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं:- इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:-

(क) "अधिनियम" से रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) अभिप्रेत है;

(ख) "वार्षिक योजना" से किसी वित्त वर्ष में प्राधिकरण द्वारा निष्पादित किए जाने वाले प्रस्तावित वित्त परिव्यय सहित कोई कार्य योजना अभिप्रेत है;

(ग) "वार्षिक रिपोर्ट" से पिछले वित्त वर्ष के दौरान प्राधिकरण के क्रियाकलापों की रिपोर्ट अभिप्रेत है;

(घ) "लेखा-परीक्षा रिपोर्ट" से प्राधिकरण से संबंधित पिछले वित्त वर्ष के लिए लेखों और उनके लेखा परीक्षा की रिपोर्ट अभिप्रेत है;

(ङ) "प्राधिकरण" से अधिनियम की धारा 4 क के अंतर्गत स्थापित रेल भूमि विकास प्राधिकरण अभिप्रेत है;

(च) "बोर्ड" से प्राधिकरण का कार्यपालक बोर्ड अभिप्रेत है;

(छ) "केंद्रीय सरकार" से रेल मंत्रालय अभिप्रेत है;

(ज) "कर्मचारियों का वर्गीकरण" से रेल भूमि विकास प्राधिकरण (गठन) नियम, 2007 के नियम 12 के उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट स्तरों के अनुसार स्तर I से III तक क 1, स्तर IV से VII तक क 2, स्तर VIII के लिए क 3, स्तर IX के लिए समूह ख, स्तर X क से छ तक के लिए समूह ग और स्तर XI क और ख के लिए समूह घ के रूप में समूह वाले प्राधिकरण के सभी स्तर अभिप्रेत हैं;

(झ) "कोर सैल" से प्राधिकरण की स्थापना के लिए सरलीकरण और ट्रैवॉक्स तैयारी के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा गठित सैल अभिप्रेत है;

(ञ) "वित्त वर्ष" से प्रत्येक वर्ष अप्रैल की पहली तारीख से शुरू होने वाला और आगामी वर्ष के मार्च की इकतीस तारीख को समाप्त होने वाला केंद्रीय सरकार का वित्त वर्ष अभिप्रेत है;

(ट) "पंचवर्षीय योजना" से अधिनियम की धारा 4 घ के उप-खंड (2) के अंतर्गत प्राधिकरण के कार्यों का निर्वहन करने के लिए आमदनी और व्यय के अनुमानों सहित वास्तविक निवेश, जनशक्ति की आवश्यकता, समय अनुसूची और अन्य संगत निवेश वाली कार्य योजना अभिप्रेत है;

(ठ) "पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना" से धारा 4 घ के उप-खंड (2) के अंतर्गत प्राधिकरण के कार्यों के अनुसार पंचवर्षीय योजना से अगले पांच वर्षों के लिए कोई योजना अभिप्रेत है;

(ड) "निधि" से रेल भूमि विकास प्राधिकरण निधि अभिप्रेत है;

(ढ) "त्वरित निपटान क्रियाविधि" से बोर्ड ज्ञापन के माध्यम से रेलवे बार्ड का निर्णय अभिप्रेत है जो उपयुक्त निदेशालय द्वारा यथा नियत परन्तु प्राधिकरण की कारोबार आवश्यकताओं के अनुकूल निश्चित समय सीमा के भीतर उचित संवीक्षा के अध्यधीन है;

(ण) "सदस्य" से अधिनियम के धारा 4 ख (1) के अधीन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या कोई चार सदस्य अभिप्रेत हैं;

(त) "पहला प्राधिकरण" से बोर्ड के ऐसे अन्य सदस्यों सहित उपाध्यक्ष, जो प्राधिकरण के गठन के समय केंद्रीय सरकार द्वारा नामित किए जाएं, अभिप्रेत है;

(थ) "रेल प्रशासन" से क्षेत्रीय रेल के महाप्रबंधक अभिप्रेत है;

अध्याय 2

पहला प्राधिकरण

3. **केन्द्रीय सरकार द्वारा नाम निर्देशित पहला प्राधिकरण :-**

पहला प्राधिकरण केन्द्रीय सरकार द्वारा नाम निर्देश होगा और इसे नाम निर्देशन द्वारा जो नियुक्त होंगे वे तब तक पद पर रहेंगे जब तक कि चयन द्वारा नियमित पदधारी कार्यभार ग्रहण न कर लें। प्रारंभ में जब तक प्राधिकरण का औपचारिक रूप में गठन न हो जाए तब तक उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों के पद के लिए तत्त्वों को, क्रमशः उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड और वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में, निर्धारित कर्म पदों के रूप में सृजित किया जा सकता है जो प्राधिकरण के आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिए उपलब्ध कराई गई निधियों को प्रभार्य होंगे।

अध्याय 3

प्राधिकरण का अवस्थान और कृत्य

4. प्राधिकरण का अवस्थान (1) प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में होगा और प्राधिकरण भारत में अन्य स्थानों पर भी कार्यालय या अभिकरणों की स्थापना कर सकेगा।

(2) प्राधिकरण का एक कानूनी निकाय के रूप में शाश्वत उत्तराधिकार होगा और एक सामान्य मुहर होगी तथा उसके नाम से वाद चलाया जा सकता है।

5. प्राधिकरण को भूमि सौंपा जाना और उसके कृत्य :-

केन्द्रीय सरकार, प्राधिकरण की स्थापना के पश्चात् शीघ्रतम अधिनियम की धारा 4 घ की उप धारा (2) के निबंधनों के अनुसार रेल भूमि और आकाशी क्षेत्र के विकास के लिए ऐसे

स्थलों को लिखित रूप में प्राधिकरण को सौंपेगी जिन्हें केन्द्रीय सरकार उचित समझे और प्राधिकरण की प्रस्तावित कार्यकरण निम्नलिखित होगी:-

(क) वाणिज्यिक उपयोग के लिए संभाव्य स्थलों की पहचान या तो केन्द्रीय सरकार द्वारा या प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय सरकार के परामर्श से की जाएगी। यदि पहचान की गई भूमि परिचालनिक प्रयोजनों या भावी विस्तार के लिए आवश्यक न हो तो स्थल को वाणिज्यिक उपयोग के लिए प्राधिकरण को सौंप दिया जाएगा।

(ख) प्राधिकरण संभाव्यता आकलन के लिए आवश्यक बाजार सर्वेक्षण करेगा और राजस्व वापसी के दृष्टि से वाणिज्यिक विकास के सर्वोत्तम रीति से तैयार करने के लिए कार्य करेगा और तदनुसार बोली प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। प्रस्तावों को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का निर्णय प्राधिकरण द्वारा स्वयं उपयुक्त स्तर पर लिया जाएगा।

(ग) विकासकर्त्ता का निश्चय पारदर्शी खुली, निष्पक्ष, और स्पर्द्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से हो सकेगा और वसूल आगम केन्द्रीय सरकार को भेजी जाएगी।

(घ) धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (ii) के अधीन प्राधिकरण को सौंपे गए स्थल के वाणिज्यिक विकास जिसमें रेलवे स्टेशन भवन और/या यार्डों का निर्माण या पुनर्विकास या उपातरण अंतर्वलित हो, ऐसे विकास के लिए विस्तृत योजना को एक समिति द्वारा अनुमोदित करवाया जाएगा जिसमें प्राधिकरण और रेल प्रशासन से एक-एक नोडल अधिकारी शामिल होंगे और केन्द्रीय सरकार ऐसे प्रयोजन के लिए रेल प्रशासनों को एक नोडल अधिकारी नाम निर्दिष्ट करने को कहेगी।

(ङ) अधिनियम की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (i) के अंतर्गत योजना तैयार करने के लिए या अधिनियम की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (ii) के तहत वाणिज्यिक विकास के लिए सौंपे गए किसी स्थल के बारे में केन्द्रीय सरकार से इसके निर्णय पुनर्विलोकन करवा सकेगा और इस संबंध में केन्द्रीय सरकार का निर्णय अंतिम होगा।

(च) प्राधिकरण किसी स्थल पर रेल भूमि या आकाशीय क्षेत्र का वाणिज्यिक विकास तब तक नहीं करेगा जब तक उसे अधिनियम की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (ii) के तहत केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से न सौंपा गया हो।

(छ) प्राधिकरण, केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (i) के तहत उसे सौंपी गई रेल भूमि के उपयोग के लिए स्कीम या स्कीमें तैयार करेगा।

(ज) प्राधिकरण अधिनियम की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (iv) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा लिखित आदेश से उसे यथा सौंपे गए किसी अन्य कार्य या कृत्यों का निष्पादन करेगा।

6. **प्राधिकरण की योजना:-** प्राधिकरण की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (i) और खंड (ii) के अधीन निष्पादन के लिए जाने वाले प्रस्तावित वाणिज्यिक विकास परियोजनाओं के लिए पंचवर्षीय योजना तैयार कर सकेगा। प्राधिकरण की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (iii) के अधीन परामर्श, निर्माण या प्रबंधन सेवाओं और भूमि तथा संपत्ति के विकास से संबंधित उसके द्वारा निष्पादित किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यान्वयन के लिए पंचवर्षीय योजना भी तैयार करनी चाहिए।

7. **बोर्ड की शक्तियां:-** इस अधिनियम के अधीन प्राधिकरण को समुनुदेशित कृत्यों के निर्वहन के संबंध में पूरी वित्तीय और प्रशासनिक शक्तियां होंगी। चूंकि रेल भूमि विकास प्राधिकरण एक ऐसा प्राधिकरण है जिसे प्रतिस्पर्द्धात्मक व्यावसायिक वातावरण में वाणिज्यिक दिशा में कार्य करना होता है और उसके द्वारा रेल संपत्ति के उपयोग से प्राप्त राजस्व केन्द्रीय सरकार के अन्य विविध राजस्वों के एक हिस्से का निर्माण करेगा, अतः उनकी कार्यप्रणाली को ऐसे नियमों में बाँधना वाँछनीय नहीं होगा जो कि भारतीय रेलवे के समान ही हैं। तथापि, प्राधिकरण सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों पर लागू होने वाले नियमों के समग्र ढाँचे के भीतर ही अपने नियमों/विनियमों को बनाएगा।

अध्याय-4

प्राधिकरण बोर्ड

8. **प्राधिकरण प्रबंधन:-** (1) कार्यकारी बोर्ड द्वारा प्राधिकरण के मामलों और कारबार का साधारण पर्यवेक्षण, निदेशन और प्रबंधन किया जाएगा जो कि ऐसे सभी शक्तियों का प्रयोग करेगा और कृत्यों का निवर्हन करेगा तथा जिनके संबंध में अधिनियम के उपबंधों के अधीन प्राधिकरण द्वारा प्रयोग किया जा सकता है या कार्रवाई की जा सकती है।

(2) कार्यकारी बोर्ड में एक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और चार अन्य सदस्य शामिल होंगे जिनकी नियुक्ति अधिनियम के अधीन की जाएगी। ये चार सदस्य - सदस्य (योजना, अवसंरचना और विकास), सदस्य (योजना रेल यातायात समन्वय), सदस्य वित्त और सदस्य (संपदा तथा शहरी योजना) होगें।

(3) बोर्ड का कारबार अधिनियम की धारा 4च के उपबंधों के अधीन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

(4) बोर्ड अपनी बैठक में अन्य मामलों के अलावा केन्द्रीय सरकार द्वारा उसे सौंपी गई रेल भूमि के उपयोग और व्यवसायिक विकास के लिए स्थलों के लिए स्कीम या स्कीमों जो लागू हो, अनुमोदन, इन्हें अपनाने तथा इनके निष्पादन से जुड़े मामलों पर विचार करेगा तथा

प्राधिकरण, यदि आवश्यक समझे तो ऐसी स्कीमों की सिफारिश संबंधी अपनी राय केन्द्रीय सरकार को भेज सकेगा है और उसके पश्चात् केन्द्रीय सरकार का निर्णय अंतिम होगा।

(5) कार्यकारी बोर्ड के कोई सदस्य जो कि प्राधिकरण या किसी-प्राधिकरण के सहबद्ध द्वारा तैयार की गई या प्रस्तावित किसी संविदा जिसे बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाना है, में प्रत्यक्षतः अथवा अप्रत्यक्षतः रूचि रखता हो, ऐसी परिस्थिति उत्पन्न होने के पश्चात् यथा शीघ्र अपने हितों (रूचि) की प्रकृति के बारे में बोर्ड की बैठक में प्रकट करेगा तथा ऐसे प्रकटन को बोर्ड-बैठक के कार्यवृत्त में रिकॉर्ड किया जाएगा और उसके पश्चात् वह सदस्य, उक्त संविदा के संबंध में बोर्ड द्वारा किए जाने वाले विचार-विमर्श या बोर्ड द्वारा लिए जाने वाले निर्णय में भाग नहीं लेगा।

(6) बोर्ड समय-समय पर किसी व्यक्ति को सलाहकार या परामर्शदाता के रूप में, यदि आवश्यक समझा जाए, ऐसे निबंधन और शर्तों पर नियुक्त कर सकता है जो केन्द्रीय सरकार के विद्यमान नियमों के अनुसार विनियमों द्वारा अधिकथित की गई हो.

(7) प्राधिकरण का एक मुख्य सतर्कता अधिकारी होगा जो सीधे उपाध्यक्ष को रिपोर्ट करेगा।

(8) बोर्ड, प्राधिकरण के सचिव को नियुक्त करेगा जो प्राधिकरण की सभी विधिक अनुपालनों के लिए उत्तरदायी होगा और सामान्य मोहर का अभिरक्षक होगा। सचिव प्राधिकरण के दिन प्रतिदिन के मामलों की उपाध्यक्ष को सीधे रिपोर्ट करेगा।

9. **प्राधिकरण की समितियां:-** बोर्ड ऐसी समितियां नियुक्त कर सकेगा है जो अधिनियम के अंतर्गत इसकी कर्तव्यों के कुशल निर्वहन और कृत्यों के निर्वहन के लिए आवश्यक हो।

10. **बोर्ड में रिक्ति से कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होना:-** बोर्ड का कोई कार्य या कार्यवाही केवल इस कारण विधि मान्य नहीं समझी जाएगी कि बोर्ड में कोई रिक्ति या उसके गठन में कोई त्रुटि है या प्रक्रिया में कोई अनियमितता है.

अध्याय-5

उपाध्यक्ष के कर्तव्य

11. **उपाध्यक्ष के कर्तव्य:-** (1) उपाध्यक्ष, जो प्राधिकरण का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा, प्राधिकरण पर साधारण पर्यवेक्षण और नियंत्रण रखेगा तथा बोर्ड के विनिश्चयों को कार्यान्वित करेगा।

(2) उपाध्यक्ष, अधिनियम के अधीन बनाए गए विनियमों के अनुसार, उन शक्तियों का प्रयोग करेगा जो बोर्ड द्वारा उन्हें प्रत्यायोजित की जाए।

अध्याय-6

संरचना और वेतन

12. **संरचना और वेतनः-** (1) केन्द्रीय संरकार द्वारा दिए गए वेतन और भत्तों के बजट संबंधी उपबंधों के अधीन रहते हुए, उपाबंध-I पर प्रारंभिक तालिका के अनुसार स्तर-1से स्तर-XI के अंतर्गत क्रमशः उनके वेतन ग्रेडों में निम्नलिखित कर्मचारियों की संख्या होगी:-

स्तर	ग्रुप	पदनाम	प्रारम्भिक संख्या	वेतन ग्रेड (रु.) (सी डी ए वेतनमान)
I	क-1	अध्यक्ष	1	कोई नहीं, पदेन होगा
II		उपाध्यक्ष	1	24050-650-26000
III		सदस्य	4	18400-500-22400
IV	क-2	महाप्रंबधक	3	18400-500-22400
V(क)		उपमहाप्रबंधक	6	14300-400-18300
V(ख)		मुख्य सतर्कता अधिकारी	1	14300-400-18300
VI(क)		वरिष्ठ प्रबंधक	2	12000-375-16500
VI(ख)		प्राधिकरण के सचिव	1	12000-375-16500
VII(क)		प्रबंधक	4	10000-325-15200
VII(ख)		प्रधान निजी सचिव	5	10000-325-15200
VIII (ग)		सहायक विधिक सलाहकार	1	10000-325-15200
VIII(ख)		सहायक प्रबन्धक	3	8000-275-13500
VIII(ख)	क 3	लेखा अधिकारी	1	8000-275-13500
IX	ख	वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी	1	7500-250-12000
सहायक कर्मचारी				
X(क)		कार्यालय सहायक	4	6500-200-10500
X(ख)	ग	लेखा सहायक	2	6500-200-10500
X(ग)		निजी सहायक	3	6500-200-10500
X(घ)		नक्शानवीस	2	5500-175-9000
X(ड)		निजी सहायक	8	5500-175-9000
X(च)		उच्च श्रेणी लिपिक	3	4000-100-6000
X(छ)		निम्न श्रेणी लिपिक सह टंकक	6	3050-75-3950-80-4500
XI(क)	घ	चपरासी/संदेशवाहक	10	2550-60-3200-65-4000
XI(ख)		टेलीफोन अटेंडेंट सह डाक खलासी (टीएडी के)	8	2550-60-3200-65-4000

2. उप-नियम (1) में दर्शाए गए प्राधिकरण में स्तर IV से XI तक विभिन्न पदों पर कर्मचारियों को लगाने हेतु भारतीय रेलवे से एलीमेंट स्थानातंरित किये जाएंगे। पहले प्राधिकरण के लिए स्तर-II और स्तर III पदों को क्रमशः उच्चतर प्रशासनिक ग्रेड और वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में प्रचालित होगा और तदनुसार अपेक्षित एलीमेंट को भारतीय रेल से स्थानांतरित किया जाएगा। बाद में, प्राधिकरण स्तर IV से उच्च पदों की आवश्यकता की गणना करेगा और केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के लिए प्रस्ताव करेगा।

3. प्राधिकरण अपनी भविष्य की कारबार योजनाओं के आधार पर अतिरिक्त जनशक्ति के लिए समय-समय पर प्रस्तावों को केंद्रीय सरकार को प्रस्तुत करेगा और केंद्रीय सरकार द्वारा अधिनियम की धारा 4 (छ) की उप-धारा (1) की शर्तों के अनुसार उस पर विनिश्चय करेगा।

4. अधिनियम के उपबंधों के अधीन रहते हुए प्राधिकरण अपने कृत्यों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए ऐसे अन्य अधिकारी और कर्मचारी को नियुक्त कर सकेगा और नियुक्ति की पद्धति नियत कर सकेगा। प्राधिकरण के ऐसे अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतनमान और भत्ते तथा सेवा की अन्य शर्तें वे होंगी, जो विनियमों में प्राधिकरण द्वारा उपबंधित की गई हैं।

5. प्राधिकरण स्तर IV से स्तर XI तक के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के चयन और नियुक्ति का विनिश्चय करेगा।

6. प्राधिकरण अधिनियम के अधीन, अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए अपेक्षित न्यूनतम अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अपने कृत्य करेगा। प्राधिकरण स्तर IV से स्तर XI तक के कर्मचारियों के स्तरों के साथ-साथ अपने कारबार और कुशलता के सिद्धांतों की शर्तों के अनुसार प्रत्येक स्तर की कर्मचारी संख्या की आवधिक रूप से समीक्षा करेगा, परन्तु उपर्युक्त उप-नियम (1) में केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी के बिना, अधिकारियों और कर्मचारियों की कुल संख्या यथावर्णित से अधिक नहीं होगी।

7. प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों की वरिष्ठता और प्रोन्नति का अवधारण विनियमों के उपबंधों के अनुसार होगा।

अध्याय - 7

वित्त और बजट

13. **वित्त, लेखा और लेखा परीक्षा** - (1) प्राधिकरण का गठन करने वाले अधिनियम की धारा 4क के अधीन अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से ही सम्पत्तियों के संबंध में जिनका प्राधिकरण को विकास करने के लिए कहा गया है :-

(क) अधिनियम की धारा 4घ के अधीन प्राधिकरण के किन्हीं कृत्यों के प्रयोजन के संबंध में या ऐसी तारीख के तत्काल पहले केन्द्रीय सरकार के लिए उपगत किए गए सभी ऋण, बाध्यताएं और उपगत दायित्व, की गई सभी संविदाए और सभी मामले और किए जाने वाले सभी कार्य प्राधिकरण के द्वारा किए गए या उसके द्वारा किए गए कार्य के रूप में समझे जाएंगे।

(ख) प्राधिकरण के संबंध में केन्द्रीय सरकार को देय कुल धन ऐसी देय तारीख से तत्काल पहले प्राधिकरण को देय समझा जाएगा।

(ग) प्राधिकरण के संबंध में किसी मामले पर ऐसी तारीख से तत्काल पहले केन्द्रीय सरकार द्वारा या के विरूद्ध प्रारंभ अथवा प्रारंभ हो सकने वाली सभी विधिक कार्यवाहियों को प्राधिकरण द्वारा अथवा उसके विरूद्ध जारी रखा जाएगा या संस्थित किया जाएगा ।

(2) केन्द्रीय सरकार की जिन सम्पत्तियों, अधिकारों या दायित्वों को प्राधिकरण को हस्तांतरित किया जाएगा, के संबंध में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो इस प्रकार के विवाद का विनिश्चय केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाएगा।

14. **केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुदान और ऋण** - (1) केन्द्रीय सरकार इस निमित्त संसद द्वारा विधि द्वारा बनाए गए सम्यक विनियोग के पश्चात् ऐसी धनराशि देगी, जो प्राधिकरण को उसके कृत्यों का निर्वहन के लिए अपेक्षित है। परन्तु प्राधिकरण की स्थापना के तुरन्त बाद, केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित राशि प्राधिकरण की प्रारम्भिक स्थापना और कृत्यों के लिए उपलब्ध करायेगी :

(क) परिचालन व्यय जिसके अंतर्गत आकस्मिक व्यय भी हैं, के लिए पंद्रह करोड़ रु. की प्रारम्भिक आरंभ पूंजी;

(ख) प्रारंभिक प्रशासनिक और स्थापना व्ययों को पूरा करने के लिए पचहत्तर लाख रु. की रकम।

(2) उसके पश्चात्, केन्द्रीय सरकार के वर्तमान व्यवहार के अनुसार, बजट अनुमोदन के आधार पर परिचालन व्ययों के साथ-साथ, प्रशासनिक और स्थापना, दोनों व्ययों के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा निधियां उपलब्ध कराई जाएंगी। अतिरिक्त निवेश प्राधिकरण द्वारा जुटाई गई निधियों या प्राधिकरण को वार्षिक बजट प्रक्रिया के द्वारा अनुज्ञात, सीमांत (अर्जन का प्रतिशत) में से किया जाएगा।

15. निधि :- एक निधि का गठन किया जाएगा जिसे रेल भूमि विकास प्राधिकरण निधि कहा जाएगा और जिसमें निम्नलिखित को जमा किया जाएगा, जैसे :-

(क) केंद्रीय सरकार द्वारा प्राधिकरण को दी गई सभी धनराशि जिसके अंतर्गत आरम्भिक पूंजी और स्थापना और प्रशासनिक व्ययों पर वार्षिक आवती व्ययों, और इन नियमों के नियम 14 के अनुसार परिचालन व्यय भी है;

(ख) प्राधिकरण द्वारा प्राप्त सभी फीसें और प्रभार;

(ग) प्राधिकरण द्वारा अपने स्वयं की कंसलटेंसी, निर्माण, प्रबन्धन या अधिनियम की धारा 4 घ की उप धारा (2) के खंड (iii) के अधीन भूमि और सम्पत्ति के संचालन से प्राप्त सभी धनराशियां

(घ) प्राधिकरण द्वारा लिया गया कोई ऋण अथवा दिया गया उधार;

(ङ.) इन नियमों के नियम 14 और 19 के अनुसार वार्षिक बजट प्रक्रिया द्वारा प्राधिकरण को अनुज्ञात कोई सीमान्त;

(च) प्राधिकरण द्वारा प्राप्त कोई अन्य धनराशि।

16. **निहित निधि का निधान और उपभोजन** :- (1) अधिनियम के अधीन अपने-अपने व्ययों और कृत्यों के दक्षतापूर्व निर्वहन से संबंधित व्ययों को करने के लिए निधि प्राधिकरण के पास रहेगी और उसके द्वारा रखी जाएगी और उपभोजन की जाएगी ।

(2) प्राधिकरण निधि के संबंध में प्राप्ति और व्यय के वर्गीकरण सहित आंतरिक लेखा और बजट का उपयुक्त क्रियाविधि बनाएगा ।

(3) प्राधिकरण एक पृथक लेखा रखेगा, जिसमें सभी उपार्जन, जिसके अंतर्गत रायल्टी, रियायत फीस, अनुज्ञप्ति फीस और प्राधिकरणों की परियोजनाओं से प्राप्त लाभ भी हैं को जमा किया जाएगा और इसके पश्चात् के विनियमों में अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार उन्हें केन्द्रीय सरकार को पूर्ण रूप से दे दिया जाएगा।

17. **प्राधिकरण की उधार लेने की शक्तियां** :- (1) प्राधिकरण केन्द्रीय सरकार की सहमति से या केन्द्रीय सरकार द्वारा उसे दिए गए किसी सामान्य या विशेष प्राधिकार की शर्तों के अनुसरण में, अधिनियम के अधीन इसके सभी या किसी कृत्यों के निर्वहन के लिए किसी भी स्रोत से किसी लिखत द्वारा, जैसा वह उचित समझे, राशि उधार ले सकेगा।

(2) केन्द्रीय सरकार, प्राधिकरण के उधार कार्यक्रम के लिए कोई गारंटी उपलब्ध नहीं कराएगी या सुविधा पत्र प्रदान नहीं करेगी और प्राधिकरण अपनी परियोजना की व्यवहार्यता के सामर्थ्य पर निधि जुटाएगा और किसी भी प्रभुत्व गारंटी द्वारा बाजार को गुमराह नहीं किया जाएगा।

18. **विनिधान** : प्राधिकरण अपनी निधियों का विनिधान केन्द्रीय सरकार की प्रतिभूतियों (जिसके अंतर्गत कोई आरक्षित निधि भी है) में या इस प्रकार के किसी अन्य तरीकों से कर सकता है, जो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा विनिधान के लिए वित्त मंत्रालय के विद्यमान दिशा-निर्देशों के अनुसार उचित समझे जाएं और इसमें विशेषतः सभी सट्टा निवेशों, विशेष रूप से, स्थावर संपदा सम्मिलित नहीं होंगी।

19. **बजट** :- (1) प्राधिकरण अगले वित्त वर्ष के लिए प्रधिकरण की अनुमानित आगम और व्यय को दर्शाते हुए एक बजट प्रत्येक वित्त वर्ष में विहित रूप में ऐसे समय और तरीके ऐसे प्ररूप में तैयार करेगा और बोर्ड द्वारा इस पर अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात् उसे केन्द्रीय सरकार को अग्रेषित करेगा।

(2) प्राधिकरण अगले वित्त वर्ष के लिए अपने बजट को अंतिम रूप देने के समर्थ बनाने को, इसके लिए केन्द्रीय सरकार प्राधिकरण को अधिनियम की धारा 4घ के अधीन रेल भूमि के उपयोग और उसे सौंपी गई रेल भूमि के विकास के लिए प्राधिकरण द्वारा तैयार की जाने वाली अपेक्षित योजनाओं को लिखित रूप में पर्याप्त रूप से अग्रिम में

अधिमानतः पूर्व वित्त वर्ष की प्रथम छमाही के दौरान सूचित करेगी। प्राधिकरण का बजट यद्यपि, केंद्रीय सरकार द्वारा वित्त पोषण के किसी पूर्वानुमान के साथ तैयार नहीं किया जाएगा।

(3) अगले वित्त वर्ष के लिए अधिनियम की धारा 4घ की उपधारा (2) के खंड (iii) के अधीन प्राधिकरण चालू वित्त वर्ष में अथवा उसके लगभग मध्य में अपनी स्वयं की परामर्शी, विनिर्माण, प्रबंध सेवाओं और भूमि तथा सम्पत्ति के परिचालन की एक सूची तैयार करेगी।

(4) प्राधिकरण, जहां कहीं आवश्यक हो, उस वित्त वर्ष के संबध में, जिससे यह संबंधित है, केन्द्रीय सरकार को एक पूरक बजट ऐसी तारीखों से पहले भेजेगा, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट की गई हैं।

20. **लेखा और लेखा परीक्षा** :- (1) प्राधिकरण उचित लेखा-जोखा और अन्य संबंधित अभिलेखों का रख-रखाव करेगा और लेखे का एक वार्षिक विवरण इस प्रकार तैयार करेगा जैसाकि भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक के साथ विचार-विमर्श कर केन्द्रीय सरकार द्वारा यथानिर्धारित है।

(2) भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा प्राधिकरण के लेखों की लेखा परीक्षा उसके द्वारा यथाविदित अंतरालों पर की जाएगी और इस प्रकार की लेखा परीक्षा से संबंधित कोई भी व्यय यथापेक्षितानुसार प्राधिकरण द्वारा नियंत्रक और महालेखा परीक्षक को संदेय किया जाएगा।

(3) प्राधिकरण द्वारा आंतरिक लेखा परीक्षा हेतु उचित उपर्युक्त क्रियाविधि तैयार की जाएगी.

21. **वार्षिक रिपोर्ट** :- प्राधिकरण पिछले वित्त वर्ष के दौरान उसकी गतिविधियों का पूरा लेखा-जोखा देते हुए प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए ऐसे प्ररूप में और ऐसे समय पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगी।

22. **बोर्ड द्वारा अनुमोदन** : लेखा परीक्षा रिपोर्ट के साथ-साथ नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा यथा सत्यापित वार्षिक रिपोर्ट और लेखों को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद इसे प्रतिवर्ष केन्द्रीय सरकार को अग्रेषित किया जाएगा और केन्द्रीय सरकार इसे संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखेगी।

अध्याय 8

विविध

23. **विनियम बनाना** :- प्राधिकरण, इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम और इसके अधीन बनाए नए नियमों से संगत नियम बना सकेगा।

24. संयुक्त उद्यम का गठन :- प्राधिकरण केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी विशेष प्रयोजन परियोजना, संयुक्त उद्यम या अन्य विधिक अन्य अस्तित्व का उनके सभी या किसी कृत्यों के निष्पादन के लिए गठन कर सकेगा ।

25. आदेशों का अधिप्रमाणन तथा प्राधिकरण की शक्तियों का प्रत्यायोजन आदि- (1) प्राधिकरण के सभी आदेश, विनिश्चय और अन्य लिखतों का अधिप्रमाणन उपाध्यक्ष या किसी अन्य सदस्य या इस निमित उसके द्वारा प्राधिकृत प्राधिकरण के किसी अधिकारी के हस्ताक्षर से किया जाएगा।

(2) प्राधिकरण लिखित में साधारण या विशेष आदेश द्वारा ऐसी शर्तों और सीमाओं के अधीन, यदि कोई हों, जो आदेश में विनिर्दिष्ट हों सहित प्राधिकरण के किसी सदस्य या किसी अधिकारी को इस अधिनियम के अंतर्गत अपनी शक्तियां (धारा 4झ की उपधारा (1) के अंतर्गत विनियम बनाने की शक्तियों को छोड़कर जैसाकि वह आवश्यक समझे) प्रत्यायोजित कर सकेगा।

26. प्रतिनियुक्ति पर गए अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए विश्राम-गृह और अवकाश गृह:- प्राधिकरण के सभी सदस्य, अधिकारी और कर्मचारी जो रेलवे से प्रतिनियुक्ति पर हैं, को रेलवे विश्राम-गृहों और अवकाश-गृहों में रहने के लिए रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों के समान ही माना जाएगा, जिसके लिए वे अपने वेतन के ग्रेड के अनुसार पात्र होंगे। उनकी कर्तव्यारूढ़ विश्राम गृह की मांग का सेवारत अन्य कर्तव्यारूढ़ रेलवे अधिकारियों/कर्मचारियों के समान माना जाएगा। विश्राम -गृहों और अवकाश गृहों के लिए देय प्रभार कर्तव्यारूढ़ या छुट्टी पर रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों, यथास्थिति अन्य के समान लागू होंगे।

27. प्राधिकरण द्वारा किए जाने वाले कार्य जिसके अंतर्गत विकास योजनाएं भी हैं:- (1) केंद्रीय सरकार के किसी निदेशों के अधीन, प्राधिकरण विकास योजनाएं तैयार करेगा और अंतर्राष्ट्रीय भवन संहिता या राष्ट्रीय भवन संहिता के अनुसार लेकिन प्राधिकरण, निकाय या तंत्र के किसी अधिकारी के हस्तक्षेप या प्रतिरोध के बिना रेलवे भूमि के विकास के लिए सभी कार्य करेगा ।

(2) प्राधिकरण कारबार के सिद्धांतों पर आधारित बाजार मांग पर आधारित, रेल भूमि नीचे या ऊपर जिसके अंतर्गत विद्यमान रेल संरचनाएं या अन्य भूमि के ऊपर आकाशीय क्षेत्र भी हैं, पर सभी प्रकार का वाणिज्यिक विकास कर सकता है।

(3) प्राधिकरण, केंद्रीय सरकार द्वारा उसे सहवर्ती निधि के साथ आबंटित किसी परियोजना या कार्य निष्पादित कर सकेगा।

(4) बोर्ड द्वारा नियुक्त कोई समिति रेल भूमि के वाणिज्यिक विकास के लिए सभी योजनाओं की समग्र रूप से संवीक्षा करेगी, जिसके अंतर्गत संरक्षा पहलुओं, परिवेश के साथ सौंदर्यीकरण और उपयोगकर्ता सुविधाएं भी हैं।

(5) केंद्रीय सरकार, प्राधिकरण द्वारा रेलवे भूमि के उपयोग के लिए प्रस्तुत योजना/योजनाओं सहित सभी प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई तंत्र (फास्ट ट्रैक मैकेनिज़्म) के

माध्यम से अनुमोदन हेतु विचार करेगी। तथापि, जो प्राधिकरण की व्यावसायिक अपेक्षाओं के अनुरूप किंतु किसी समय-सीमा में रेलवे बोर्ड के उपयुक्त निदेशालयों द्वारा समुचित संवीक्षा के अधीन, अनुमोदन के लिए विचार करेगी.

(6) प्राधिकरण, इस अधिनियम की धारा 4घ के उपनियम (2) के खंड (iii) के उपबंधों के अधीन सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकरण या किसी अन्य संगठन के लिए प्राधिकरण और सरकार या स्थानीय प्राधिकरण या संबंधित संगठन के मध्य तय पायी गई ऐसे निबंधनों और शर्तों पर कोई भी कार्य या सेवाएं या किसी भी वर्ग का कार्य या सेवाएं कार्यान्वित कर सकेगा।

(7) इस निमित्त बनाए गए किसी विनियम के अधीन, इस निमित्त प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत साधारणत: या विशेषत: कोई व्यक्ति जब कभी आवश्यक हो सभी युक्ति युक्त समय पर जब ऐसा करना आवश्यक हो, निम्नलिखित गतिविधियों को कार्यान्वित करने के लिए किसी भी भूमि या किसी परिसर में प्रवेश कर सकेगा, अर्थात् :-

(क) किसी निरीक्षण, सर्वेक्षण, माप, मूल्यांकन या जांच के लिए,

(ख) तलमापी के लिए,

(ग) अवमृदा में खुदाई या बोर के लिए,

(घ) चारदीवारी बना सकेगा और कार्यों की आशयित लाइनों के लिए,

(ङ.) निशान लगाकर और खाई खोदकर सतह, चारदीवारी और लाइनें चिह्नित करने के लिए, या

(च) अन्य विहित कार्य या व्यवहार के लिए :

परंतु कोई व्यक्ति आवासीय परिसर की चारदीवारी या निकटस्थ प्रांगण या बगीचे में अधिभोगी की सहमति के बिना और ऐसा करने के लिए अपने आशय को लिखित रूप में अधिभोगी को कम से कम चौबीस घंटों का पूर्व-नोटिस दिए बिना प्रवेश नहीं करेगा ।

28. प्राधिकरण की कल्याण निधि :- प्राधिकरण, केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से, अपने सभी स्तरों के अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन से प्रगामी अनिवार्य कटौती करके कर्मचारियों के हित के लिए कल्याण निधि का गठन कर सकेगा ।

29. प्राधिकरण के अन्य निबंधन और शर्तें :- (1) केंद्रीय सरकार, इस अधिनियम के अन्य उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, समय-समय पर नीति के प्रश्नों पर, प्राधिकरण को इस अधिनियम के अधीन अपने कृत्यों और कर्तव्यों के निष्पादन पर लिखित में ऐसे निदेश दे सकेगी, जो बाध्यकर होंगे ।

(2) प्राधिकरण के रिक्त पद जारी रहेंगे और रिक्तता के आधार पर व्यपगत नहीं होंगे जब तक कि उन्हें विनिर्दिष्ट रूप से अभ्यर्पित न कर दिया जाए।

(3) प्राधिकरण, केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से, उसके द्वारा तैयार की गई तथा अंतिम रूप दी गई वार्षिक जन-शक्ति योजना के निबंधनों में पदों का सृजन कर सकेगा।

(4) यदि प्राधिकरण के कारबार के व्यवहार के संबंध में कोई प्रश्न उठता है, तो उसका विनिश्चय प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा, सिवाय उनके, जहां इस अधिनियम के अंतर्गत बनाए गए संबद्ध नियमों और विनियमों का निर्वचन करना हो, वहां विनिश्चय केंद्रीय सरकार द्वारा लिया जाएगा।

रेल भूमि विकास प्राधिकरण

अध्यक्ष

पदेन (सदस्य इंजी./रेलवे बोर्ड)

<table>
<tr><td colspan="2">प्रबंधक (सतर्कता)</td><td colspan="2">मु.सतर्कता अधि. (उप महाप्रबंधक ग्रेड)</td><td>उपाध्यक्ष (चयन बोर्ड द्वारा चुने जाएंगे)</td><td>प्राधिकरण का सचिव</td><td colspan="3"></td></tr>
<tr><td colspan="2">सदस्य योजना अवसंरचना और विकास</td><td colspan="2">सदस्य योजना, रेल यातायात समन्वय</td><td></td><td>सदस्य वित्त</td><td colspan="3">सदस्य, संपदा और शहरी योजना (स्वतंत्र सदस्य)</td></tr>
<tr><td></td><td>महाप्रबंधक (अवसंरचना विकास)</td><td></td><td></td><td>महाप्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण)</td><td>महाप्रबंधक (कार्मिक और वित्त)</td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>उप महाप्रबंधक (योजना और परियोजना मूल्यांकन)</td><td></td><td>उप महाप्रबंधक (अवसंरचना विकास)</td><td></td><td>उप महाप्रबंधक (प्रशा. और प्रशि.)</td><td>उप महाप्रबंधक (कार्मिक)</td><td></td><td>उप महाप्रबंधक (वित्त मूल्यांकन)</td><td>उप महाप्रबंधक (विधि)</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>गोपनीय सहायक</td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>प्रबंधक (योजना)</td><td></td><td>वरि.प्रबंधक (प्रशा.और प्रशि.)</td><td>वरि.प्रबंधक (प्रशि.और नयाचार)</td><td></td><td>प्रबंधक (वित्त)</td><td>प्रबंधक (वित्त)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td>गोपनीय रिपोर्टें, लेखन सामग्री, पुस्तकालय और सूचना प्रौद्यो.सेवाएं</td><td>प्रशिक्षण एवं नयाचार सेवाएं</td><td></td><td>बजट, लेखा परीक्षा, व्यय, वेतन, निधि शेष और इसका परिचालन</td><td>वित्तीय मूल्यांकन</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td colspan="2">1 वरि.कार्य.अधिकारी</td><td></td><td colspan="2">1 लेखा अधिकारी</td><td></td></tr>
<tr><td>सहा.प्रबंधक (परियोजना-1)</td><td></td><td>सहा.प्रबंधक (परियोजना-II)</td><td>1कार्या. सहायक
1 अ.श्रे.लिपिक सह टंकक</td><td>1अ.श्रे.लिपिक सह टंकक
1 टीआई</td><td>सहायक प्रबंधक (कार्मिक)</td><td>2 लेखा सहायक</td><td>1 उ.श्रे.लिपिक</td><td>सहायक विधि सलाहकार</td></tr>
<tr><td>1 कार्यालय सहायक</td><td>1 ड्राफ्टसमैन</td><td>1 उ.श्रे.लिपिक</td><td></td><td></td><td>1 अ.श्रे.लिपिक सह टंकक
1 उ.श्रे.लिपिक</td><td></td><td></td><td>1 अ.श्रे.लिपिक एवं टंकक</td></tr>
<tr><td colspan="3">ड्रॉइंग, डिजाइन, वास्तुकला योजना, भूमि अभिलेख, परामर्श पंचाट, लागत निर्धारण, विभिन्न स्टेशनों, स्थानों आदि पर यातायात अध्ययन, आदि</td><td></td><td></td><td>भर्ती, नीति, वेतन बिल, दौरा बिल, रेलवे पास</td><td></td><td></td><td>विधिक फर्मों की सेवाएं लेने सहित सभी विधिक मामले</td></tr>
</table>

[फा. सं. 2000/एलएमएल/2/46/वॉल्यूम-III]

अशोक गुप्ता, कार्यकारी निदेशक (भूमि और सुविधाएं) (रेलवे बोर्ड)

MINISTRY OF RAILWAYS

NOTIFICATION

New Delhi, the 4th January, 2007

G.S.R. 4(E).—In exercise of the powers conferred by Section 4A read with Section 198 of the Railways Act, 1989 (24 of 1989), the Central Government hereby makes the following rules, namely :—

CHAPTER I

PRELIMINARY

1. **Short title and commencement.**- 1. These rules may be called the Rail Land Development Authority (Constitution) Rules, 2007.

2. They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Definitions.**- In these rules, unless the context otherwise requires:-

(a) "Act" means the Railways Act, 1989 (24 of 1989);

(b) "Annual Plan" means a work plan with financial outlay proposed to be executed by the Authority in a financial year;

(c) "Annual Report" means the report of the activities of the Authority during the previous financial year;

(d) "Audit Report" means the report of the accounts and the audit thereon for the previous financial year, concerning the Authority;

(e) "Authority" means the Rail Land Development Authority established under section 4A of the Act;

(f) "Board" means the Executive Board of the Authority;

(g) "Central Government" means the Ministry of Railways;

(h) "Classification of Employees" means all levels of the Authority grouped as A1 from Levels I to III, A2 from Levels IV to VII, A3 for Level VIII; as Group B for Level IX; Group C for Level X a to g and Group D for Level XI a and b, in terms of the Levels specified in sub-rule (1) of rule 12 of the Rail Land Development Authority (Constitution) Rules, 2007;

(i) "Core Cell" means the cell constituted by the Central Government for the facilitation and travaux preparatoires for the establishment of the Authority;

(j) " Financial year" means the financial year of the Central Government starting from first day of April each year and ending on thirty first day of March of the following year;

(k) "Five year plan" means a work plan with physical inputs, manpower requirements, time schedules and other relevant inputs, along with estimates of earnings and expenditure, for discharging the functions of the Authority under sub-section (2) of section 4D of the Act;

(l) "Five Year perspective Plan" means a plan for the five years next to the Five Year Plan in terms of the functions of the Authority under sub-section (2) of section 4 D;

(m)"Fund" means the Rail Land Development Authority Fund;

(n) "Fast track mechanism" means decision of the Railway Board through Board Memorandum subject to proper scrutiny by the appropriate directorate as may be stipulated by them but within a definite timeframe to suit the business needs of the Authority;

(o) "Member" means the Chairman, Vice Chairman or any of the four members under section 4B(1) of the Act;

(p) "First Authority" means the Vice-Chairman along with such other members of the Board who may be nominated by the Central Government at the time of the constitution of the Authority;

(q) "Railway administration" means General Manager of the Zonal Railway.

CHAPTER II

FIRST AUTHORITY

3. First Authority to be nominated by the Central Government.- The first Authority shall be nominated by the Central Government and those appointed by nomination shall hold office till the appointment and joining of regular incumbent by selection. Initially till such time the Authority is formally constituted, the elements for the post of Vice-Chairman and other Members, in Higher Administrative Grade and Senior Administrative Grade respectively, could be created as work charged posts chargeable to funds provided for meeting the recurring expenditure of the Authority.

CHAPTER III

LOCATION AND FUNCTION OF THE AUTHORITY

4. Location of the Authority (1) The head office of the Authority shall be in National Capital Region of Delhi and the Authority may also establish offices or agencies at other places in India.

(2) The Authority as a statutory body shall have perpetual succession and a common seal and may by its own name sue and be sued.

5. Entrustment of Land to the Authority and its functioning.- The Central Government shall, at the earliest, after the establishment of the Authority, entrust to the Authority in writing, such sites for development of railway land and air space in terms of sub-section (2) of section 4(D) of the Act as the Central Government may deem fit and the proposed working of the Authority shall be as follows:-

(a) Potential sites for commercial utilization shall be identified either by Central Government or by the Authority in consultation with the Central Government. If the identified land is not required for operational purposes or future expansion, then the site will be entrusted to the Authority for commercial development.

(b) The Authority will carry out necessary market survey to assess the potential and work out the best mode of commercial development from the angle of revenue returns and accordingly proceed with the bidding process. The decision to accept or reject offers should be taken at an appropriate level within the Authority itself.

(c) Developer will be finalized through transparent, open, fair and competitive bidding process and all the earnings realised will go to the Central Government.

(d) Where commercial development of site entrusted to the Authority under clause (ii) of sub-section (2) of section 4(D), involves construction or redevelopment or modifications to railway station building and/or yards, the detailed plans for such development shall be got approved by a Committee consisting of one nodal officer each from Authority and railway administration and the Central Government shall ask the railway administrations to nominate one nodal officer for such purpose.

(e) The Authority may seek a review from the Central Government of its decision regarding any site entrusted for preparation of a scheme under clause (i) of sub-section (2) of section 4D of the Act, or for commercial development under clause (ii) of sub-section (2) of section 4D of the Act and the decision of the Central Government in this regard shall be final.

(f) The Authority shall not take up commercial development of railway land or air space at any site unless specifically entrusted to it by the Central Government under clause (ii) of sub-section (2) of section 4D of the Act.

(g) The Authority shall prepare the scheme or schemes for use of railway land as assigned by the Central Government under clause (i) of sub-section (2) of section 4D of the Act.

(h) The Authority shall carryout any other work or functions as may be entrusted to it by the Central Government, by order in writing under clause (iv) of sub-section (2) of section 4D of the Act.

6. Plan of the Authority.- The Authority may prepare a 5-Year Plan of the Commercial Development Projects proposed to be taken up for execution under clause (i) and (ii) of sub-section (2) of section 4D. The Authority may also prepare a Five Year Plan for consultancy, construction or management services and operation proposed to be executed by it in relation to development of land and property under clause (iii) of sub-section(2) of section 4D.

7. **Powers of the Board.-** The Board shall have full financial and administrative powers in relation to discharge the functions as assigned to the Authority under this Act. Since Rail Land Development Authority is an Authority which will have to work on commercial lines in competitive business environment and its revenue from the use of Railway property will form part of other miscellaneous revenues of the Central Government, it may not be desirable to bind their functioning through rules that are exactly same as that of Indian Railways. However, the Authority will frame its rules/regulations within the overall framework of rules applicable to Government/Public Sector Undertakings.

CHAPTER IV

BOARD OF THE AUTHORITY

8. **Management of the Authority.-** (1)The general superintendence, direction and management of the affairs and business of the Authority shall vest in an Executive Board which may exercise all such powers and do all such acts and things as may be exercised or done by the Authority under the provisions of the Act.

(2) The Executive Board shall consist of the Chairman, the Vice Chairman and four other Members appointed under the Act. The four members shall be Member (Planning, Infrastructure and Development), Member (Planning Rail Traffic Coordination), Member Finance and Member (Real Estate and Urban Planning).

(3) The business of the Board shall be conducted according to the procedure laid down by the Authority under the provisions of section 4 F of the Act.

(4) The Board at its meeting shall among other matters consider for approval, adoption and execution wherever applicable, the scheme or schemes for the use of railway land and sites for commercial development as entrusted by the Central Government and the Authority may, if necessary convey to the Central Government its opinion regarding such schemes for reconsideration and the decision of the Central Government there after shall be final.

(5) A member of the Executive Board who is in anyway directly or indirectly interested in a contract made or proposed to be made by the Authority or any associate of the Authority, which is brought up for consideration before the Board, shall as soon as possible after the relevant circumstances have come to his knowledge, disclose the nature of his interest at a meeting of the Board and such a disclosure shall be recorded in the minutes of the Board Meeting and thereafter the member shall not take part in any deliberation or decision of the Board with respect to that contract.

(6) The Board may appoint from time to time any person as advisor or consultant as it may consider necessary on such terms and conditions as may be laid down by the regulations, as per the extant Central Government Rules.

(7) The authority shall have one Chief Vigilance Officer who shall report directly to the Vice Chairman.

(8) The Board shall appoint the Secretary of the Authority who shall be responsible for all legal compliances and be the custodian of the common seal of the Authority. The Secretary shall report directly to the Vice-Chairman the day-to-day affairs of the Authority.

9.Committees of the Authority.- The Board may appoint such committees as may be necessary for the efficient discharge of its duties and performance of its functions under the Act.

10.Vacancy in the Board not to invalidate the proceedings.- No act or proceeding of the Board shall be deemed to be invalid by reason merely of any vacancy in or any defect in the constitution or irregularity in the procedure of the Board.

CHAPTER V

DUTIES OF VICE-CHAIRMAN

11. **Duties of the Vice Chairman.**- (1) The Vice Chairman , who shall be the chief executive officer of the Authority, shall exercise general supervision and control over the affairs of the Authority and give effect to the decisions of the Board.

(2) The Vice Chairman shall exercise such powers as may be delegated to him by the Board, as per the Regulations to be made under the Act.

CHAPTER VI

STRUCTURE AND SALARIES

12. **Structure and Salaries.**- (1) Subject to the budgetary provisions for salaries and allowances made by the Central Government, the Authority may, as per the initial Organogram at **Annexure I**, have the following strength of employees under Levels I to XI, with their respective salary grades:

Level	Group	Designation	Initial Strength	Salary Grade(Rs.) (CDA Scales)
I	A 1	Chairman	1	None , being ex officio
II		Vice Chairman	1	24050-650-26000
III		Members	4	18400- 500- 22400
IV	A2	General Manager	3	18400- 500- 22400
V(a)		Deputy General Manager	6	14300-400-18300
V(b)		Chief Vigilance Officer	1	14300-400-18300
VI(a)		Senior Manager	2	12000-375-16500
VI(b)		Secretary to the Authority	1	12000-375-16500
VII(a)		Manager	4	10000 – 325- 15200

VII(b)		Principal Private Secretary	5	10000 – 325- 15200
VII(c)		Asst. Legal Adviser	1	10000 – 325- 15200
VIII(a)		Assistant Manager	3	8000-275-13500
VIII(b)	A3	Accounts Officers	1	8000-275-13500
IX	B	Sr. Executive Officer	1	7500-250-12000
Supporting Staff				
X(a)		Office Assistants	4	6500-200-10500
X(b)		Accounts Assistants	2	6500-200-10500
X(c)		Private Secretary	3	6500-200-10500
X(d)	C	Draughtsmen	2	5500-175-9000
X(e)		Personal Assistants	8	5500-175-9000
X(f)		UDCs	3	4000-100-6000
X(g)		LDC cum typists	6	3050-75-3950-80-4500
XI(a)		Peons/Messengers	10	2550-60-3200-65-4000
XI(b)	D	Telephone attendant-cum-dak-khalasis (TADKs)	8	2550-60-3200-65-4000

(2) Initially the elements would be transferred from Indian Railways to man the various posts from level IV to XI in the Authority indicated in sub-rule (1). Level II and III would be operated in Higher Administrative Grade and Senior Administrative Grade respectively for the First Authority and accordingly the required element would be transferred from Indian Railways. Later on, the Authority shall work out the requirement of posts from level IV onwards and come up with proposal for the approval of Central Government.

(4) Any vacancy in a post of the Authority which requires to be filled in immediately to enable it to efficiently discharge its functions, may be filled in by the Railway Board on ad hoc basis for an initial period of six months or till the regularly selected incumbent joins the post, whichever is earlier and such ad hoc appointees shall have no claim whatsoever to the post and will be deemed to have automatically vacated it from the day of joining of the regular selected candidates.

(5) In case the selected candidate fails to join within thirty days or such extended period as may be permitted under sub-rule (6), the Secretary Railway Board shall initiate proceedings for appointment of the next person waiting on the panel.

(6) The Railway Board may for reasons to be recorded in writing, extend the joining period on the written request of the selected candidate which shall not exceed more than three months and the extension shall be given only once.

[F. No. 2000/LML/2/46/Vol.-III]

ASHOK GUPTA, Executive Director (Land and Amenities)
(Railway Board)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 2007

सा.का.नि. 7(अ).—केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) की धारा 198 के साथ पठित धारा 4ख की उप-धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** - (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वतंत्र सदस्य (चयन और नियुक्ति) नियम, 2007 है ।

2. य राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं- इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :-

(क) "अधिनियम" से रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) अभिप्रेत है;
(ख) "प्राधिकरण" से अधिनियम की धारा 4क के अधीन गठित रेल भूमि विकास प्राधिकरण अभिप्रेत है;
(ग) "केन्द्रीय सरकार" से रेल मंत्रालय अभिप्रेत है;
(घ) "स्वतंत्र सदस्य" से अधिनियम की धारा 4 ख (4) के अधीन नियुक्त सदस्य अभिप्रेत है;
(ड.) "रेलवे बोर्ड" से भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम, 1905 में रेलवे बोर्ड अभिप्रेत है; तथा
(च) "सचिव" से सचिव रेलवे बोर्ड अभिप्रेत है ।

3. **अर्हता**- स्वतंत्र सदस्य के पद के लिए अभ्यर्थी को निम्नलिखित मानदंड पूरे करेगा; अर्थात :-

(क) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान या किसी विश्वविद्यालय से एम बी ए या वास्तुकला अथवा सिविल इंजीनियरी में डिग्री; और

(ख) नगर/शहरी योजना या भूमि और संपत्ति के प्रबंधन में उनके विधि, इंजीनियरी और प्रबंधन पहलुओं के संबंध में 10 वर्ष का अनुभव; और

(ग) पद के लिए आवेदन करने की तिथि पर 55 वर्ष से अधिक न हो ।

4. **चयन प्रक्रिया :-** 1. किसी सदस्य का एक चयन किसी समिति द्वारा होगा, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे; अर्थात्

(क) अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड के रूप में अध्यक्ष;

(ख) प्राधिकरण का अध्यक्ष के रूप में एक सदस्य ;

(ग) सदस्य कार्मिक, रेलवे बोर्ड के रूप में एक सदस्य; और

(घ) प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की उपस्थिति में ।

2. चयन समिति अपने समक्ष उपस्थित होने वाले प्रत्येक पात्र अभ्यर्थी का अंकों सहित योग्यता और उपयुक्तता के निर्धारित मानदंड तैयार करेगी और तदनुसार समिति द्वारा साक्षात्कार के द्वारा मूल्यांकन करेगी । निर्धारित मानदंड बनाने में चयन समिति अभ्यर्थी की शैक्षिक पृष्ठभूमि और भूमि तथा संपत्ति विकास में अनुभव पर विशेष ध्यान देगी ।

3. सचिव, रेलवे बोर्ड चयन समिति के सचिव के रूप में कार्य करेंगे और स्वतंत्र सदस्य के पद पर चयन तथा नियुक्ति के लिए आवश्यक सभी प्रशासनिक कार्यों के लिए उत्तरदायी होंगे ।

4. सचिव, रेलवे बोर्ड एक उपयुक्त सार्वजनिक विज्ञापन द्वारा स्वतंत्र सदस्य के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करेंगे ।

5. चयन समिति के किसी सदस्य को यह जानकारी होने के तत्काल पश्चात् कि उसका किसी अभ्यर्थी से संबंध है, तो वह इसकी घोषणा करेगा और उस विशेष अभ्यर्थी के संबंध मे स्वयं को चयन समिति से अलग कर लेगा ।

6. कोई अभ्यर्थी, उस पद के लिए निरर्हित हो जाएगा, जिसके लिए उसने आवेदन किया है या नियुक्त किया गया है, यदि वह :-

(क) दिवालिया है; या न्याय निर्णित किया जाता है;

(ख) किसी अपराध के लिए सिद्ध दोष ठहराया जाता है, जिसमें केन्द्रीय सरकार की राय में नैतिक अधमता अंतर्वलित है; या

(ग) शारीरिक रूप से या मानसिक रूप से असमर्थ हो गया हो; या

(घ) ऐसा वित्तीय या अन्य हित अर्जित कर लिया है, जिससे किसी पद पर उसके कृत्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है ।

(ड.) केंद्रीय सरकार के वर्तमान आचरण नियमों के अनुसार आचरण जो उसे किसी पद को धारण करने के लिए अनुपयुक्त बना दिया है ।

7. चयन समिति स्वतंत्र सदस्य के पद के लिए अभ्यर्थी का चयन करने के पश्चात् पद के लिए योग्यता क्रम में अगले तीन अभ्यर्थियों का प्रतीक्षा पैनल तैयार करेगी । प्रतीक्षा पैनल

चयन समिति द्वारा पैनल पर हस्ताक्षर करने की तारीख से छः मास की अवधि के लिए विधिमान्य होगा।

8. चयन समिति की कार्यवाहियों का कार्यवृत्त, पद के लिए योग्यता क्रम सूची और अंतिम चयन सूची, चयन समिति के सभी व्यक्तियों द्वारा तारीख सहित हस्ताक्षर की जाएगी और नियुक्ति के लिए आगे के उपाय सचिव, रेलवे बोर्ड द्वारा किए जाएंगे ।

5. चयन संबंधी प्रक्रिया की अविधिमान्यता :- जब तक चयन की योग्यता क्रम प्रभावित न हो, चयन प्रक्रिया में कोई त्रुटि से चयन अविधिमान्य नहीं होगा ।

6. . नियुक्ति - (1) सचिव, रेलवे बोर्ड, चयन समिति से रिकार्ड प्राप्त करने के तत्काल पश्चात् सक्षम प्राधिकारी से स्वतंत्र सदस्य के पद के लिए चयन किए गए अभ्यर्थी के नाम का अनुमोदन के लिए उपाय करेगा ।

(2) स्वतंत्र सदस्य के पद के संबंध में नियुक्ति के लिए नाम का अंतिम अनुमोदन प्राप्त होने पर, रेल मंत्रालय चयन किए गए अभ्यर्थी को कार्य ग्रहण करने की अवधि की सूचना के संबंध में तत्काल नियुक्ति पत्र जारी करेगा, जो इस नियम के उपनियम (5) के अधीन उसको नियुक्ति पत्र प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन से अधिक नहीं होगी ।

(3) केन्द्रीय सरकार द्वारा चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति, रेल भूमि विकास प्राधिकरण (सेवा के निबंधन और शर्तें) नियम, 2007 में सदस्यों के लिए विनिर्दिष्ट निबंधनों और शर्तों के आधार पर होगी, इसके अतिरिक्त कि चयनित अभ्यर्थी की प्राधिकरण के साथ सेवा जारी रहेगी जो परिवीक्षा के बाद पुष्टिकरण की तिथि से दो वर्ष की सेवा पूरी होने पर रेल मंत्रालय द्वारा निष्पादन पुनर्विलोकन के अध्यधीन होगी ।

(4) चुना गया अभ्यर्थी तीस दिन या उपनियम (5) के अधीन यथा अनुज्ञात विस्तारित अवधि, के भीतर कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहने की दशा में सचिव, रेलवे बोर्ड पैनल पर प्रतीक्षारत अगले व्यक्ति की नियुक्ति के लिए कार्यवाही प्रारंभ करेगा ।

(5) रेलवे बोर्ड चुने गए अभ्यर्थी के लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर, कारणों को लेखबद्ध करते हुए कार्य ग्रहण करने की अवधि बढ़ा सकेगा, जो तीन मास की अवधि से अधिक नहीं होगी और यह विस्तार केवल एक बार ही होगा ।

[फा. सं. 2000/एलएमएल/2/46/वॉल्यूम-III]

अशोक गुप्ता, कार्यकारी निदेशक (भूमि और सुविधाएं)
(रेलवे बोर्ड)

NOTIFICATION

New Delhi, the 4th January, 2007

G.S.R. 7(E).—In exercise of the powers conferred by sub-section (4) of section 4B read with section 198 of the Railways Act, 1989 (24 of 1989), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement.**- (1) These Rules may be called the Independent Member (Selection and Appointment) Rules, 2007.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2.**Definitions.**- In these Rules unless the context otherwise requires.-

a) "Act "means the Railways Act, 1989 (24 of 1989);

b) "Authority" means the Rail Land Development Authority constituted under section 4A of the Act;

c) "Central Government" means the Ministry of Railways;

d) "Independent Member" means the Member appointed under section 4 B(4) of the Act;

e) "Railway Board" means the Railway Board in the Indian Railways Board Act, 1905; and

f) "Secretary" means the Secretary Railway Board.

3. Qualification.- The candidate for the post of independent member shall fulfil the following criteria; namely:-

a) an MBA or a Degree in Architecture or Civil Engineering from a recognised institution or a university; and
b) ten years experience in Town/Urban Planning or in the management of land and property in relation to its legal, engineering and managerial aspects; and
c) should not exceed 55 years on the date of applying for the post.

4. Selection Process.- (1) A member shall be selected by a Selection Committee consisting of the following members, namely:-

a) Chairman, Railway Board as the Chairperson.
b) Chairman of the Authority as a member;
c) Member Staff, Railway Board as a member; and
d) Vice Chairman of the Authority in attendance.

(2) The Selection Committee shall formulate the assessment criteria of merit and suitability with marks and each eligible candidate appearing before it shall be assessed accordingly in the interview by the Committee. In formulating the assessment criteria the Selection Committee shall pay special attention to the candidate's educational background and experience in land and property development.

(3) The Secretary Railway Board shall act as Secretary to the Selection Committee and shall be responsible for all administrative steps required for the selection and appointment to the post of independent member.

(4) The Secretary Railway Board shall invite applications for the post of Independent Member by a suitable public advertisement.

(5) Any person in any of the Selection Committees shall immediately on coming to know that he is related to any of the candidates, shall declare the same and exclude himself from the Selection Committee for that particular candidate.

(6) A candidate shall stand disqualified for the post to which they have applied or appointed if he.-

a) has been adjudged an insolvent; or
b) has been convicted of an offence which, in the opinion of the Central Government involves moral turpitude; or
c) has become physically or mentally incapable; or
d) has acquired such financial or other interest as is likely to affect prejudicially his functioning in a post; or
e) has been guilty of conduct as per the extant conduct rules of the Central Government which makes him unfit to hold an office.

(7) The Selection Committee after selecting the candidate for the post of independent member shall also prepare in order of merit a waiting panel of the next three candidates for the post . The waiting panel will be valid for a period of six months from the date that the Selection Committee signs the panel .

(8) The minutes of the Selection Committee proceedings, the merit list for the post and the final selection list shall be signed and dated by all the persons in the Selection Committee and further steps for appointment shall be taken by the Secretary Railway Board .

5. Invalidity of selection proceedings.- So long as the merit of the selection is not affected, any short coming in the selection procedure shall not invalidate the selection.

6. Appointment.- (1) The Secretary Railway Board shall immediately after receiving the record from the Selection Committee initiate the steps for the approval of competent authority of the name of the selected candidate for the post of independent member.

(2) Upon receipt of the final approval of the name for the appointment against the post of independent member, the Ministry of Railways shall immediately issue the appointment letter to the selected candidate by informing him the joining time which shall not exceed thirty days from the date of receipt by him of the appointment letter subject to sub rule (5) of this rule.

(3) The appointment by the Central Government of the selected candidate shall be on the terms and conditions specified for Members in the Rail Land Development Authority (Terms and Conditions of Service) Rules, 2007, save and except that the selected candidate shall continue in service with the Authority subject to a performance review by the Ministry of Railways upon completion of two years of service from the date of confirmation after probation.

(4) In case the selected candidate fails to join within thirty days or such extended period as may be permitted under sub-rule 5, the Secretary Railway Board shall initiate proceedings for appointment of the next person waiting on the panel.

(5) The Railway Board may for reasons to be recorded in writing extend the joining period on the written request of the selected candidate which shall not exceed more than three months and the extension will be given only once.

[F. No. 2000/LML/2/46/Vol.-III]

ASHOK GUPTA, Executive Director (Land and Amenities)
(Railway Board)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 2007

सा.का.नि. 8(अ).—केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) की धारा 198 के साथ पठित धारा 4ख (3) और (4), धारा 4ग, धारा 4छ(2) और 4छ (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ** : (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम रेल भूमि विकास प्राधिकरण (सदस्यों, अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के वेतन तथा भत्ते, सेवा के निबंधन और शर्तें) नियम, 2007 है।

(2) ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं - इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :-

(क) "अधिनियम" से रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) अभिप्रेत है ;

(ख) "नियुक्त व्यक्ति" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसे प्राधिकरण की ओर से नियुक्ति का प्रस्ताव दिया गया है या नियुक्त किया गया है,-

(ग) "प्राधिकरण" से अधिनियम की धारा 4क के अधीन गठित रेल भूमि विकास प्राधिकरण, अभिप्रेत है;

(घ) "बोर्ड" से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों सहित प्राधिकरण का कार्यकारी बोर्ड अभिप्रेत है;

(ड.) "केंद्रीय सरकार" से रेल मंत्रालय अभिप्रेत है;

(च) "कर्मचारियों का वर्गीकरण" से रेल भूमि विकास प्राधिकरण (गठन) नियम, 2007 के अध्याय-6 के नियम 12 (1) में उल्लिखित स्तरों के अनुसार स्तर I से III, क-1के रूप में समूहित, स्तर IV से VII क-2 के रूप में समूहित, स्तर VIII के लिए क-3, स्तर IX के लिए समूह-ख, स्तर X-क से छ के

लिए समूह-ग और स्तर-XI क तथा ख के लिए समूह-घ के रूप में समूहित प्राधिकरण के सभी स्तर अभिप्रेत हैं;

(छ) "कर्मचारी" से कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो प्राधिकरण द्वारा आउटसोर्स सेवाओं के माध्यम से भिन्न किसी पद पर नियुक्त किया गया है;

(ज) "प्रतिनियुक्ति सेवा" से उपाध्यक्ष, सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारिवृंद द्वारा उनके मूल संगठन में उनके द्वारा धारित पद पर धारणाधिकार जारी रखते हुए, नाम निर्देशन या चयन द्वारा प्राधिकरण में किसी पद पर सेवा अभिप्रेत है ;

(झ) "गैर-प्रतिनियुक्ति सेवा" से अभिप्रेत है उपाध्यक्ष, सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारिवृंद द्वारा, जो प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति के पश्चात या दौरान आमेलन के लिए चुने गए हैं या इन नियमों के अधीन निर्धारित प्रस्तावित निबंधन और शर्तों पर बिना किसी प्रतिनियुक्ति के प्राधिकरण में सीधे किसी पद पर कार्यभार चुनते हैं;

(ञ) "आउटसोर्स सेवाओं" से प्राधिकरण की सभी सामान्य या अन्य सेवाएं अभिप्रेत हैं, जिन्हें प्राधिकरण अपने कृत्यों के दक्षतापूर्ण निर्वहन के लिए व्यावसायिक सिद्धांतों पर व्यक्तियों, अभिकरणों, निगम, गैर-निगमित निकायों या संस्थाओं को ठेके पर देने का विनिश्चय कर सकेगा। ऐसे किन्हीं व्यक्तियों या अभिकरणों या निगम या गैर-निगमित निकायों या संस्थाओं की नियुक्ति के निबंधन और शर्तें प्राधिकरण द्वारा विनिश्चित की जाएंगी;

(ट) "वेतनमान" से प्राधिकरण का (गठन) नियम, 2007 के नियम-12 के उप नियम (1) में प्रत्येक पद के समक्ष उल्लिखित वेतनमान अभिप्रेत है;

(ठ) इन नियमों में प्रयुक्त किए गए शब्द और पद परिभाषित नहीं हैं लेकिन अधिनियम में परिभाषित हैं उनके वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम में उनके हैं.

3. अवधि :-(1) प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति सेवा पर आए सभी व्यक्तियों की अवधि प्राधिकरण में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की होगी जिसे केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों पर लागू प्रचलित नियमानुसार पांच वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा या साठ वर्ष की आयु पूरा करने तक, जो भी पहले हो, होगा।

(2) विशेष परिस्थितियों के आधार पर केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के अधीन, स्तर-II और III की गैर-प्रतिनियुक्ति सेवा के कर्मचारियों की अवधि को साठ वर्ष की आयु के पश्चात् पैंसठ वर्ष तक विस्तार को अनुज्ञात किया जा सकेगा और स्तर IV से X के कर्मचारियों की अवधि को बासठ वर्ष तक विस्तार को अनुज्ञात किया जा सकेगा।

(3) प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारी अपने मूल विभाग में प्रत्यावर्तन की मांग कर सकेंगे तथा प्राधिकरण के परामर्श से केंद्रीय सरकार द्वारा अनुदत्त किया जा सकेगा। केंद्रीय सरकार और प्राधिकरण की राय में कोई मतभेद होने के मामले में केंद्रीय सरकार का निर्णय ही अंतिम होगा।

(4) प्राधिकरण को, केंद्रीय सरकार के परामर्श से प्रशासनिक अत्यावश्यकताओं के आधार पर प्रतिनियुक्ति सेवा पर आए किसी भी कर्मचारी को उसके मूल विभाग में प्रत्यावर्तित करने का अधिकार होगा।

4. परिवीक्षा :- प्राधिकरण में सीधे नियुक्त होने वाले सभी नियुक्त व्यक्ति एक वर्ष तक परिवीक्षा अवधि पर रहेंगे, उसके पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी नियुक्त व्यक्ति की पुष्टि करेगा। परिवीक्षा अवधि के दौरान, कर्मचारी को प्राधिकरण के पूर्ण विवेक पर बिना कोई सूचना दिए या बिना कोई कारण बताए सेवान्मुक्त कर देगा। गैर-प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त व्यक्तियों की सेवा समाप्त करने के मामले में, यदि ऐसे व्यक्तियों की सेवा की उनके सेवा में आने की तारीख के एक वर्ष की समाप्ति पर पुष्टि नहीं की जाती और ऐसे मामले में समूह क-1 कर्मचारियों तथा अन्य समूहों के कर्मचारियों की परिवीक्षा को प्राधिकरण के माध्यम से केंद्रीय सरकार छः महीनों के लिए केवल एक बार बढ़ाया जा सकेगा।

5. त्याग-पत्र :- (1) प्रतिनियुक्ति सेवा के सभी कर्मचारी जो केंद्रीय सरकार की सेवा से त्याग पत्र देना चाहते हैं, वे प्राधिकरण से अपने मूल विभाग में प्रत्यावर्तन करने के पश्चात् ऐसा कर सकेंगे। इस संबंध में मूल विभाग का निर्णय ही अंतिम होगा। तथापि, यह उन कर्मचारियों को लागू नहीं होगा जो प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित पद पर आमेलन का विकल्प देते हैं. प्राधिकरण में किसी स्थायी पद पर आमेलन की प्रक्रिया का अवधारण विनियमों में किया जाएगा।

(2)किसी स्थायी पद पर गैर-प्रतिनियुक्ति सेवा वाले सभी स्थायी कर्मचारी प्राधिकरण में अपने पद से त्याग-पत्र दे सकते हैं लेकिन इसके लिए उन्हें विनियमों के अधीन बनाए जाने वाले उपबंधों के अनुसार तीन माह की सूचना देनी होगी।

6. वेतन :- (1) वह सभी जो प्रतिनियुक्ति सेवा पर रेल भूमि विकास प्राधिकरण (संघटन) नियम, 2007 के नियम-12 में प्रत्येक पद के समक्ष अभिकथित वेतनमान के अनुसार वेतन के हकदार होंगे और चयन समिति द्वारा, पदधारी के चयन के समय की गई सिफारिश और उनके नियुक्ति पत्र में अभिकथित वेतन के हकदार होंगे।

(2) वे सभी जो गैर-प्रतिनियुक्ति सेवा पर प्राधिकरण में पद ग्रहण करते हैं, वे यथास्थिति, प्राधिकरण के साथ की गई संविदा या उनके नियुक्ति पत्र में किए गए उल्लेख के अनुसार वेतनमान और वेतन के हकदार होंगे।

7. वेतन का नियतन :- प्राधिकरण मे प्रतिनियुक्ति सेवा पर चयन किए गए किसी भी व्यक्ति को उसके द्वारा अपने मूल सरकारी विभाग में प्राप्त वेतन से कम वेतन नहीं दिया जाएगा और उसके वेतन का नियतन केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों पर लागू नियमानुसार होगा।

8. वेतन :- 1. इन नियमों के प्रयोजन के लिए, जब तक कि अन्यथा इन नियमों में विशेष रूप से कथित न हो, मासिक वेतन के अंतर्गत मूल वेतन, मंहगाई वेतन तथा दूसरे अन्य सभी भत्ते, जिसके लिए पद का धारक हकदार है, भी है।

2. वेतन केंद्रीय सरकार के प्रचलित नियमानुसार भविष्य निधि, ग्रुप सेविंग लिंक्ड इंश्यूरेंस स्कीम (जी एस एल आई एस) तथा अन्य वैधानिक कटौतियां के अधीन होगा और इन मासिक कटौतियों का लेखा तथा उनका निपटान केंद्रीय सरकार द्वारा किया जाएगा।

3. विनियमों में किए गए उल्लेख के अनुसार वेतन से रेल भूमि विकास प्राधिकरण कल्याण निधि में अंशदान हेतु कटौती भी की जाएगी, जिसका लेखा और प्रचालन प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।

4. सभी अग्रिम केंद्रीय सरकार के प्रचालित नियमों के अनुसार चुकौती की क्षमता पर आधारित होंगे।

5. जब तक प्राधिकरण का औपचारिक रूप से गठन नहीं हो जाता, इसकी स्थापना के प्रारंभिक चरणों में प्रतिनियुक्ति सेवा के कर्मचारियों को वेतन और अन्य भत्तों का संवितरण रेल मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

9. वरिष्ठता और प्रोन्नति :- कर्मचारियों की वरिष्ठता और प्रोन्नति अधिनियम के अनुसार प्राधिकरण द्वारा बनाए जाने वाले विनियमों में निहित अनुसार होगी।

10. भत्ते :- (1) रेल भूमि विकास प्राधिकरण (संघटन) नियम, 2007 के नियम 12 में उल्लिखित सभी स्तर इसमें उल्लिखित शर्तों के अनुसार निम्नलिखित भत्तों के पात्र होंगे :

(क) रेल मंत्रालय के सभी प्रतिनियुक्त व्यक्ति अपने मूल वेतन के पांच प्रतिशत के प्रतिनियुक्ति भत्ते, जो कि अधिकतम 500 रु. होगा, के पात्र होंगे, यदि प्रतिनियुक्ति उसी स्थान पर होगी जहां वे रेलवे में सेवा कर रहे हैं, या उनके मूल वेतन का दस प्रतिशत जो कि अधिकतम 1000 रु. होगा, यदि उनकी प्रतिनियुक्ति किसी अन्य स्थान पर होती है, के अधीन होगी। इसमें यह निबंधन भी होगा कि "वेतन तथा प्रतिनियुक्ति भत्ता" संवर्ग बाह्य पद के वेतनमान के अधिकतम से ज्यादा न हो।

(ख) अन्य संगठनों के प्रतिनियुक्त कर्मचारी को प्रतिनियुक्ति पर भेजने वाले संगठन और प्राधिकरण के बीच प्रतिनियुक्ति की सम्मत शर्तो के अनुसार भत्ते प्रदान किए जाएंगे।

(ग) मंहगाई भत्ता/अतिरिक्त मंहगाई भत्ता/तदर्थ मंहगाई भत्ता केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के तद्समान वेतनमान के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

2. प्राधिकरण के सभी पुष्ट एवं स्थायी कर्मचारी, जिसके अंतर्गत प्रतिनियुक्त व्यक्ति भी हैं, जिन्हें सरकारी आवास नहीं दिया गया है, वे केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों पर लागू भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार तथा उनके तैनाती के स्थान और शहरों के वर्गीकरण के अनुसार एक समान रूप से मकान किराया भत्ते के हकदार होंगे।

मकान किराया भत्ता की दरें इस प्रकार होंगी :-

पदनाम और वेतन	**संदेय मकान किराया भत्ता की दर (शहरों का वर्गीकरण)**				
सभी के लिए एक समान रूप से	ए -1	ए/बी-1/बी-2	सी	अवर्गीकृत	टिप्पणी
	30%	15%	7.5%	5%	मूल वेतन के 50 % के बराबर मूल वेतन तथा मंहगाई वेतन का

11. **आवास :-** (1) प्राधिकरण सीधे रेल मंत्रालय के अधीन कार्य करेगा, जब तक प्राधिकरण अपने क्वार्टरों का निर्माण नहीं कर लेता तब तक प्राधिकरण के लिए भी रेलवे क्वार्टरों में रहने हेतु रेल कर्मियों पर लागू नियम ही लागू होंगे।

(2) प्राधिकरण में प्रतिनियुक्त सेवा पर कर्मचारी जिनके पास रेल आवास नहीं है, वे अपने तैनाती के स्थान पर संबंधित रेल प्रशासन से रेल आवास प्राप्त करने के पात्र होंगे। इस प्रयोजन के लिए दिल्ली में तैनाती के लिए रेलवे बोर्ड तथा अन्य स्थानों पर संबंधित मंडल या क्षेत्रीय रेलवे मुख्यालय रेल प्रशासन होगा।

(3) प्राधिकरण अपने कर्मचारियों को आवास उपलब्ध कराने के लिए रेल भूमि पर स्टाफ क्वार्टर बना सकता है या खरीद सकता है या पूर्व निर्मित फ्लैटों को पट्टों पर ले सकेगा।

(4) समूह क-1 से ख को मकान किराया भत्ता के बदले पट्टे की सुविधा का विकल्प होगा. जहां रेल या प्राधिकरण की अपनी आवासीय सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां इन समूहों के कर्मचारी असुसज्जित पट्टाधारित आवास के लिए नीचे दर्शाई गई मासिक किराया सीमा के अध्यधीन तृतीय पक्षकार या स्वयं पट्टे पर लिए गए आवासीय मकान के पट्टे की सुविधा का उपयोग कर सकते हैं :

क. विभिन्न स्थानों या नगरों के लिए मासिक किराया सीमा निम्न होगी:

मासिक किराया सीमा (नगरों की श्रेणी) रूपयों में				
स्तर	क-1	क/ख-1/ख-2	वर्गीकृत	अवर्गीकृत
II और III	20,000	...	...	...
IV	13,500	8,500	6,000	5,000
V और VI	12,000	7,500	5,250	4,500
VII	11,000	7,000	5,000	4,000
VIII	9,000	6,000	4,000	3,500
IX	8,000	5,000	3,500,	3,000

ख. पट्टाधारित आवास मुहैया कराने के लिए किराए की वसूली नीचे दी गई दरों के अनुसार की जाएगी :-

स्तर	किराया वसूली की दर
II और III	800 रु. प्रतिमाह
IV	500 रु. प्रतिमाह
V और VI	400 रु. प्रतिमाह
VII	300 रु. प्रतिमाह
VIII	250 रु. प्रतिमाह
IX	200 रु. प्रतिमाह

ग. तृतीय पक्षकार पट्टे पर या स्वयं के पट्टे पर आवास लेने के लिए कर्मचारी निम्नलिखित भुगतान या व्यय की प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे :

(i) यदि आवास की व्यवस्था दलाल के माध्यम से की जाती है तो दलाली प्रभार जो कि एक मास की किराया सीमा से अधिक नहीं होगा, सीधे दलाल को संदाय

किया जाएगा। स्वयं के पट्टे के मामले में इस प्रकार के प्रभारों का भुगतान नहीं किया जाएगा।

(ii)मरम्मत और अनुरक्षण दो मास के किराए के बराबर या हकदारी के अनुसार, जो भी कम हो, प्रतिवर्ष होगा।

(iii)तीन मास के किराए के बराबर अग्रिम जमानत जमा (ब्याज मुक्त) सीधे गृह स्वामी को संदाय की जाएगी, जो कि पट्टा समाप्ति के पश्चात् प्राधिकरण को वापस की जाएगी। स्वयं के पट्टे के मामले में इन प्रभारों का संदाय नहीं किया जाएगा।

12. चिकित्सा भत्ता :- (1) प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति सेवा के कर्मचारियों को यह विकल्प दिया जाएगा कि वे अपने मूल विभाग की रेलवे स्वास्थ्य योजना या केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना या अन्य कोई चिकित्सा योजना को जारी रख सकेगें ।

(2) प्राधिकरण में गैर-प्रतिनियुक्त सेवा के कर्मचारी तथा प्रतिनियुक्त कर्मचारी जो अपने मूल विभाग द्वारा दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं को जारी नहीं रखना चाहते, वे विनियमों के अधीन निर्धारित चिकित्सा लाभ के पात्र होंगे। जब तक विनियम नहीं बनाए जाते, तब तक प्राधिकरण, कर्मचारी या उसके परिवार के किसी आश्रित सदस्य की बीमारी पर किए गए चिकित्सा व्यय की नीचे तालिका में दर्शाई गई मासिक राशि की सीमा के अनुसार प्रतिपूर्ति करता रहेगा :-

स्तर	पात्रता प्रतिमाह रुपए में
IV	1958
V और VI	1658
VII	1302
VIII	1146
IX	967
X	746
XI	667

(3)अस्पताल में अंतरंग इलाज के लिए, मुख्य शल्य चिकित्सा, गंभीर बीमारी और इस प्रकार की बीमारी पर उक्त सीमा से अधिक किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति कर्मचारी को उपाध्यक्ष के अनुमोदन से की जाएगी ।

13. **परिवार नियोजन भत्ता :-** सभी कर्मचारी जिन्होंने या तो स्वयं या उनके पति या पत्नी ने कोई भी परिवार नियोजन प्रक्रिया को अपनाया है, वे निम्नलिखित के लिए हकदार होंगे, परन्तु, पुरूष कर्मचारियों द्वारा यह प्रक्रिया 50 वर्ष पूरा करने से पहले और महिला कर्मचारियों द्वारा 45 वर्ष प्राप्त करने से पहले अपनाई गई हो।

क. नीचे दर्शाए गए अनुसार एकमुश्त नकद प्रोत्साहन, परन्तु यह प्रक्रिया अपनाई गई हो तब वह प्राधिकरण की सेवा में हो:-

कर्मचारियों के जीवित बच्चे			
शल्य क्रिया	**तीन से कम**	**तीन**	**तीन से अधिक**
	रु.	**रु.**	**रु.**
ट्यूबेकटॉमी	400	200	100
वैस्कटॉमी	200	150	100
आई यू सी डी इन्सर्शन	25	15	10

ख. निजी वेतन के रूप, में विशेष वेतन वृद्धि, जिसे भावी वेतन वृद्धियों में आमेलित नहीं किया जाएगा. निजी वेतन की राशि विद्यमान केंद्रीय सरकार के नियमानुसार होगी।

14. बाल शिक्षा भत्ता :- (1) प्रत्येक स्थायी कर्मचारियों के शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम बालकों को छोड़कर, केंद्रीय या राज्य सरकार या संघ शासित क्षेत्र प्रशासन द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल में पढ़ने वाले अधिकतम दो बच्चों के लिए कक्षा I से XII के लिए शिक्षा भत्ते के हकदार होंगे।

परन्तु बालक एक कक्षा में दो से अधिक शैक्षणिक वर्षों तक न रहा हो और कर्मचारी ने, सरकारी या गैर-सरकारी छात्रवृति जिसके लिए उसका बालक हकदार है, के स्थान पर प्राधिकरण के शिक्षा भत्ते का विकल्प दिया हो।

(2) उपखंड (i) के उपबंधों के अध्यधीन, कर्मचारी निम्नलिखित की वास्तविक लागत की प्रतिपूर्ति का पात्र होगा :-

क. शिक्षा शुल्क, श्रेणी I से X के लिए 40 रु.प्रति माह प्रति बालक और श्रेणी XI से XII के लिए 50 रु. प्रति माह प्रति बालक तथा 100 रु. प्रति माह प्रति शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग बालक।

ख. विज्ञान या कंप्यूटर शुल्क, अधिकतम 10 रु. प्रति माह प्रति बालक, यदि विशेष रूप से शिक्षा शुल्क के अतिरिक्त इसका भुगतान किया जाता है।

ग. छात्रावास रियायत अधिकतम 300 रु. प्रति माह प्रति बालक यदि कर्मचारी का स्थानांतरण होने के कारण अपने बालक को ऐसे छात्रावास या आवासीय विद्यालय में रखना पढ़ता है, जो उसकी तैनाती के स्थान या निवास स्थान से दूर है।

घ. शैक्षणिक सहायता अधिकतम 100 रु. प्रति माह प्रति बालक और 200 रु. प्रति माह प्रति शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग बालक, जब कर्मचारी को मजबूरी में अपने बालक को ऐसे स्कूल में भेजना पड़ता है जो कि उसके तैनाती के स्थान या उसके निवास स्थान से दूर है या उस जगह कोई अच्छे स्तर का स्कूल नहीं है।

15. **वाहन भत्ता :-** सभी कर्मचारी निम्नलिखित शर्तों के आधार पर नीचे दर्शाए गए अनुसार स्व-प्रमाणीकरण आधार पर परिवहन भत्ते के बदले स्थायी वाहन भत्ते का विकल्प चुन सकते हैं :

(क) वह स्टाफ कार पूल सुविधा का उपयोग न कर रहा हो।

(ख) वाहन का स्वामित्व और अनुरक्षण प्राधिकरण के हित में कार्य के आधार पर किया जाना अपेक्षित है और सरकारी ड्यूटी के कुशल और प्रभावी निर्वहन में ऐसा किया जाना उपयोगी होना चाहिए।

(ग) वाहन उस कर्मचारी के स्वामित्व में तथा उसके नाम रजिस्ट्री होना चाहिए जिसके पास ऐसे रजिस्ट्री वाहन को चलाने का नियमित और वैध ड्राइविंग लाइसेंस हो।

(घ) कर्मचारी को प्राधिकरण के कारबार पर बार-बार यात्रा करना अपेक्षित है तथा सामान्य ड्यूटी घंटों के बाद भी सरकारी कार्य करने अपेक्षित हैं, जिसके लिए कोई यातायात या अतिरिक्त क्षतिपूर्ति अनुज्ञेय नहीं है। लेकिन वाहन व्यय की क्षतिपूर्ति छुट्टी वाले दिन कार्यालय आने के लिए प्रदान की जाएगी।

(ड.) जो कर्मचारी वाहन भत्ते का हकदार होगा, वह अपने मुख्यालय जहां पर वह तैनात है, के आठ किलोमीटर की सीमा के भीतर सरकारी यात्रा के लिए अपने वाहन का प्रयोग करेगा तथा इसके लिए उसे कोई स्थानीय यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा. तथापि, आठ किलोमीटर से दूर की यात्रा के लिए प्रतिपूर्ति केंद्रीय सरकार के प्रचलित नियमानुसार की जाएगी।

(च) वह, किसी बाह्य स्थान पर जाते समय या वापिस आते समय रेलवे स्टेशन, एयर पोर्ट या बस स्टैंड पर आने-जाने के अलावा सरकारी वाहन सुविधा का उपयोग करने का हकदार नहीं होगा।

(छ) कर्मचारी जब मुख्यालय या तैनाती के स्थान से छुट्टी, दौरे या अस्थायी स्थानांतरण या अन्य कारण से अनुपस्थित है या जहां वाहन का सरकारी उपयोग नहीं हो रहा है तथा जिस कारण किसी कैलेंडर माह में 15 दिन या उससे अधिक की अवधि के लिए जिसे चालू अवस्था में नहीं रखा जा रहा है तो वाहन भत्ता केवल आनुपातिक आधार पर दिया जाएगा।

(ज) वाहन -भत्ते की दर इस प्रकार होगी :-

साधन	वेतनमान श्रेणी	'ए' वर्ग और ऊपर के नगर	'ए' वर्ग से नीचे के नगर
कार के रख-रखाव के लिए	10000-15200 रु. और अधिक	1250/-रु. प्रतिमाह	1120/- रु. प्रतिमाह
स्कूटर के रख-रखाव के लिए	(क) 8000-13500 रु.	500 रु. प्रतिमाह	420 रु. प्रतिमाह
	(ख) 5500-9000 रु.	420 रु. प्रतिमाह	350 रु. प्रतिमाह
मोपेड के रख-रखाव के लिए	3050-4500 रु.	350 रु. प्रतिमाह	-

(झ) वह कर्मचारी जो वाहन भत्ते का विकल्प नहीं चुनते, उन्हें प्राधिकरण के सरकारी कार्य के लिए वास्तविक आधार पर नियम 26 के उप-नियम (2) के खंड (क) के अनुसार जिस वाहन के वे पात्र हैं उसके अनुसार वाहन प्रभार दिया जाएगा।

(ञ) सभी कर्मचारी वाहन भत्ते के स्थान पर केंद्रीय सरकार के नियमानुसार यातायात भत्ते का विकल्प चुन सकते हैं।

16. **नगर प्रतिपूरक भत्ता:-** सभी कर्मचारियों को शहरों में उनकी तैनाती के स्थान, जिनका वर्गीकरण भारत सरकार के निर्देशानुसार किया गया है, के आधार पर नगर प्रतिपूरक भत्ता दिया जाएगा। भत्ते की दरें इस प्रकार हैं :-

प्रतिमाह मूल वेतन	नगर			
	क 1	क	ख-1	ख-2
3000 से नीचे	90	65	45	25
रु. 3000 से रु. 4499	125	95	65	35
रु. 4500 से रु.5999	200	150	100	65
रु. 6000 और उससे ऊपर	300	240	180	120

17. **समाचार पत्र, पत्रिका भत्ता :-** यह भत्ता राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास से पदधारियों के ज्ञान को अद्यतन करने के उद्देश्य से देय होगा, जिसके लिए वे उपयुक्त सामाचार पत्र या पत्रिका मंगाने के पात्र होंगे तथा निम्नानुसार मासिक आधार पर भुगतान के पात्र होंगे.

पदनाम	भत्ते की दर
उपाध्यक्ष/सदस्य	500 रु. प्रति माह
महाप्रबंधक	300 रु. प्रति माह
उप महाप्रबंधक/वरिष्ठ प्रबंधक या समतुल्य	200 रु. प्रति माह
प्रबंधक या समतुल्य	150 रु. प्रति माह
सहायक प्रबंधक या समतुल्य	125 रु. प्रति माह
वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी	100 रु. प्रति माह

18. **धुलाई भत्ता :-** 'आउटसोर्स सेवा' के कर्मचारियों को छोड़कर समूह "घ" के सभी कर्मचारी ग्रीष्मकालीन तथा शीतकालीन वर्दी तथा 50 रु. प्रति माह धुलाई भत्ते के पात्र होंगे।

19. **विशेष भत्ता :-** पूर्वोत्तर, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, कश्मीर घाटी में स्थानांतरित और तैनात सभी कर्मचारियों को मूल वेतन का 12 ½ प्रतिशत और अधिकतम

1000 रु. प्रति माह विशेष ड्यूटी भत्ता तथा मूल वेतन का 15 प्रतिशत और अधिकतम 1300 रु. प्रतिमाह विशेष प्रतिपूरक (दूरस्थ स्थान) भत्ता देय होगा।

20. प्रतिपूर्ति :- (1) प्रतिनियुक्ति और गैर-प्रतिनियुक्ति सेवा के सभी कर्मचारियों को उनकी पात्रता के अनुसार निम्नलिखित के लिए प्रतिपूर्ति की जाएगी :

(क) नाम निर्दिष्ट अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय संस्थानों, निकायों या सोसाइटियों के लिए सदस्यता/अंशदान शुल्क, जो कि रेल मंत्रालय के प्रचलित नियमों के अनुसार होगा।

(ख) आवासीय टेलीफोन :

पदनाम	हकदारी
महाप्रबंधक और उनसे ऊपर के अधिकारी	आई एस डी और ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन सहित टेलीफोन की पूर्ण धन वापसी.
उप महाप्रबंधक या समतुल्य	(i) लोकल कॉल और एस टी डी या आई एस डी रहित प्राधिकरण के फोन की धन वापसी. (ii) ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन
वरिष्ठ प्रबंधक	(i) किराया तथा लोकल कॉल के लिए 750 /- रु. (ii) ब्रॉडबैंड इंटरनेट उपयोग के लिए 500/- रु. प्रतिमाह या वास्तविक खर्च, जो भी कम हो
अन्य	उपाध्यक्ष के अनुमोदन से आवश्यकता अनुसार

(2) प्राधिकरण, उपयोग प्रमाण-पत्र के आधार पर अधिकारियों को अपने निवास स्थान पर सरकारी कर्तव्यों के निर्वहन करने के लिए निम्नलिखित व्यय की प्रतिपूर्ति करेगा :

(क)बिजली प्रभार/इन्वर्टर प्रभार :

(i) महाप्रबंधक और उनसे ऊपर के सभी स्थायी कर्मचारी अपने निवास स्थान पर कार्यालय के लिए वातानुकूलन और इन्वर्टर के हकदार होंगे।

(ii) तथापि, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, उप महाप्रबंधक स्तर के कर्मचारियों को ऐसे मामलों में जहां उनके निवास स्थान पर प्राधिकरण के कार्य हेतु एक या अधिक मास के लिए कार्यालय स्थापित किया जाना अपेक्षित हो, इस सुविधा की अनुमति दे सकेगा।

(iii) उपयोग प्रमाण-पत्र के आधार पर प्रतिमास बिजली प्रभारों की अधिकतम निम्नलिखित प्रतिपूर्ति की जा सकती है:-

पदनाम	प्रतिपूर्ति पात्रता
उपाध्यक्ष और सदस्य	600 यूनिट प्रतिमास
महाप्रबंधक और उनसे ऊपर के अधिकारी (कार्यपालक बोर्ड स्तर से नीचे)	400 यूनिट प्रतिमास
उप महाप्रबंधक केवल उपर्युक्त (क) (ii) के अनुसार मामलों के लिए	300 यूनिट प्रतिमास

(ख) सरकारी मेहमानों की आवभगत :

पदनाम	प्रतिमास (रुपए में)	
	निवास पर	कार्यालय में
उपाध्यक्ष और सदस्य	1500	उपाध्यक्ष के लिए 50,000 रु. प्रति अवसर और अधिकतम 3 लाख रु. प्रति वर्ष तथा सदस्य के लिए 1.5 लाख रुपए प्रतिवर्ष
महाप्रबंधक	900	5000 रु. प्रति अवसर तथा अधिकतम 60,000 रु. प्रतिवर्ष
उप महाप्रबंधक या वरि.प्रबंधक	600	उपयोग प्रमाण-पत्र के आधार पर 500 रु. प्रतिमास

(ग)जहां निवास स्थान पर बनाए गए कार्यालय में टेलीफोन सुनने वाला या डाक खलासी उपलब्ध नहीं कराया गया है, वहां केयरटेकर पर किए गए व्यय के उद्देश्य से :

पदनाम	रकम रुपए में (प्रतिमास)
उपाध्यक्ष और सदस्य	3000
महाप्रबंधक या समतुल्य	2500
उप महाप्रबंधक या समतुल्य (केवल उपर्युक्त (क) (ii) के अनुसार मामलों में)	2000

21. अतिरिक्त अर्हता अर्जित करना :- कोई कर्मचारी अतिरिक्त अर्हता प्राप्त करने पर अतिरिक्त वेतन वृद्धि का हकदार होगा जहां, अर्हता प्राधिकरण को सीधे लाभप्रद हो तथा इसे प्राधिकरण के पूर्व अनुमोदन से संघ या राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त किसी प्रतिष्ठित संस्थान या स्वायत निकाय से अर्जित किया गया हो।

22. छुट्टी के दिन कार्यालय आना और देर तक रूकना :- (1) स्थायी कर्मचारियों को प्रति दिन के हिसाब से निम्नानुसार समेकित राशि देय होगी :-

स्तर 'घ'	50 रुपए
स्तर 'ग'	75 रुपए
स्तर 'ख'	100 रुपए
स्तर क 1 से क 3	125 रुपए

(2) कार्यदिवसों पर देर तक रूकने के लिए व्यय समूह क-1 से क-3 के लिए 150 रु. और अन्य समूहों के लिए 100 रु. के हिसाब से सभी स्थायी कर्मचारियों को अतिकालिक रजिस्टर में हस्ताक्षर सहित प्रविष्टि करने पर समेकित राशि के रूप में अदा किया जाएगा. इस हकदारी का उपयोग करने वाले कर्मचारी किसी प्रकार के अतिकालिक भुगतान के पात्र नहीं होंगे।

23. विविध हकदारियां :- (1) ब्रीफकेस या बैग के लिए कर्मचारी निम्नलिखित सीमाओं के अनुसार अनुज्ञेय होंगी तथा तीन वर्षों की अवधि के बाद नया लेने के हकदार होंगे :-

पदनाम	रकम (रुपए)
महाप्रबंधक या समतुल्य और उनसे ऊपर के उच्च अधिकारी	2000

उप महाप्रबंधक या समतुल्य	1500
सहायक प्रबंधक से ज्येष्ठ प्रबंधक तक या समतुल्य	1200
ज्येष्ठ कार्यपालक अधिकारी	900

(2) सभी स्थायी कर्मचारी प्रति वर्ष जन्म दिवस उपहार के हकदार होंगे। उपहार की राशि 750 रु. प्रति व्यक्ति तक सीमित होगी। इसके अतिरिक्त, जन्म दिवस उपहार के साथ 250 रु. के मूल्य के ग्रीटिंग कार्ड और मिठाइयां भी दी जाएंगी।

24. छुट्टी :- सभी कर्मचारी छुट्टी, छुट्टी के बदले नकद भुगतान तथा छुट्टी वेतन अग्रिम हेतु केंद्रीय सरकार के नियमों और विनियमों के अनुसार हकदार होंगे।

25. अग्रिम :- इन नियमों में उल्लिखित अग्रिम से भिन्न सभी अग्रिम केंद्रीय सरकार के नियमों और विनियमों के अनुसार लागू होंगे।

26. ड्यूटी पर वाहन/दैनिक भत्ते के लिए हकदारी :-(1) निम्नलिखित पदनामों वाले या उसके समतुल्य कोटियों के कर्मचारी हवाई यात्रा के पात्र होंगे :-

पदनाम	पात्रता
उपाध्यक्ष, सदस्य	एक्ज़िक्यूटिव श्रेणी
महाप्रबंधक से ज्येष्ठ प्रबंधक तक	इकॉनोमी श्रेणी

(क) उपाध्यक्ष, कर्मचारिवृंद को उनकी हकदारी से अधिक हवाई यात्रा की उच्चतर स्तर की यात्रा की अनुमति देने के लिए सक्षम होगा।

(ख) उनकी रेल यात्रा के लिए हकदार कर्मचारियों के लिए पास नियमों में हकदारी, जिसमें वह शासित होंगे, के अनुसार होगी।

(ग) जो कर्मचारी पास नियमों के अंतर्गत नहीं हैं. वे निम्नलिखित के अनुसार रेल यात्रा के पात्र होंगे :-

कर्मचारी का प्रवर्ग	हकदारी
कार्यपालक बोर्ड सदस्य	ए.सी प्रथम श्रेणी
महाप्रबंधक से ज्येष्ठ प्रबंधक तक	ए.सी. 2 टियर शयनयान

ज्येष्ठ प्रबंधक से नीचे ज्येष्ठ कार्यपालक अधिकारी तक	ए.सी. 3 टियर
अन्य	द्वितीय श्रेणी/द्वितीय श्रेणी शयनयान

(घ) उपाध्यक्ष, कर्मचारियों को उनकी पात्रता से अधिक हवाई यात्रा की उच्चतर स्तर की यात्रा की अनुमति देने के लिए सक्षम होगा।

(2) (क) सड़क यात्रा के लिए, पात्रता निम्नानुसार होगी :-

कर्मचारी का प्रवर्ग	हकदारी
ज्येष्ठ प्रबंधक और उनसे ऊपर के अधिकारी या समतुल्य	वास्तविक टैक्सी भाड़ा
ज्येष्ठ प्रबंधकों से नीचे सहायक कर्मचारियों तक (स्तर X) या समतुल्य	वास्तविक ऑटो या तांगा या रिक्शा भाड़ा
स्तर XI के कर्मचारी	वास्तविक बस किराया

(ख) सरकारी कार या वाहन इस्तेमाल करने वाले कर्मचारी सड़क यात्रा के खर्च के पात्र नहीं होंगे।

(ग) अत्यावश्यकता के मामले में, उपाध्यक्ष, सड़क परिवहन के उच्चतर साधन द्वारा यात्रा की अनुमति दे सकेगा।

3. (क) दैनिक व्यय की पात्रता निम्नानुसार होगी :-

	नगरों की श्रेणी (रु. में)			
कर्मचारी का प्रवर्ग	ए-1	ए	बी-1/बी-2	अन्य
महाप्रबंधकों और उनसे ऊपर या समतुल्य	300	240	200	150
महाप्रबंधक से नीचे, उप महाप्रबंधक तक या समतुल्य	285	240	200	150
महाप्रबंधक से नीचे, सहायक प्रबधंक तक या समतुल्य	260	210	170	140
ज्येष्ठ कार्यपालक अधिकारी या समतुल्य	240	210	170	140

सहायक कर्मचारी (स्तर X)	220	180	150	120
सहायक कर्मचारी (स्तर XI)	125	100	80	65

(ख) ड्यूटी पर कर्मचारियों के लिए आवास प्रभार जिसमें रात का ठहरना शामिल हो, उन स्थानों पर दिया जाएगा जो या तो रेलवे के अपने स्वामित्व प्राप्त हों, आई टी डी सी, केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के या संगठनों के हों और उपर्युक्त में से कोई भी उपलब्ध न होने पर आवास होटलों, प्राइवेट लॉज या धर्मशालाओं में लिया जा सकेगा, जो निम्नलिखित सीमा व भुगतान रसीद प्रस्तुत करने के अध्यधीन होगी :-

कर्मचारी का प्रवर्ग	**नगरों की श्रेणी (प्रतिदिन रु. में)**		
	क-1	**क**	**अन्य**
कार्यपालक बोर्ड सदस्य और उनसे ऊपर	7500	क-1 का 60 %	क-1 का 40 %
महाप्रबंधक	6000	क-1 का 60 %	क-1 का 40 %
महाप्रबंधक से नीचे, उप महाप्रबंधक तक	4500	क-1 का 60 %	क-1 का 40 %
उप महाप्रबंधक से नीचे, ज्येष्ठ प्रबंधक तक	300	क-1 का 60 %	क-1 का 40 %
ज्येष्ठ प्रबंधक से नीचे, ज्येष्ठ कार्यपालक अधिकारी तक	2000	क-1 का 60 %	क-1 का 40 %
सहायक कर्मचारी (स्तर X)	1500	क-1 का 60 %	क-1 का 40 %
सहायक कर्मचारी (स्तर XI)	450	200	150

(ग) उपर्युक्त टैरिफ (दरसूची) और हकदारी भविष्य की समकालीन मांगों पर आधारित कार्यपालक बोर्ड की समीक्षा के अध्यधीन होगी।

टिप्पण :- प्राधिकरण के कर्मचारियों को प्रतिपूर्ति करने के लिए कोई भी अतिरिक्त भत्ता या इसी प्रकार की कोई हकदारी जिसमें उपर्युक्त नियम 10 से 26 तक विद्यमान भत्ते या प्रतिपूर्ति

की दरों का पुनरीक्षण भी शामिल है, पर समकालीन भावी आवश्यकताओं के पूरा करने हेतु प्राधिकरण करने हेतु प्राधिकरण के कार्यकारी बोर्ड द्वारा विचार किया था अनुमोदन किया जा सकता है।

27. मृत्यु एवं अंतिम निपटान लाभ :- सेवा के दौरान मृत्यु और अधिवर्षिता के समय अंतिम निपटान लाभ संबद्ध केंद्रीय सरकार के नियमों के अनुसार दिया जाएगा।

28. विदेशी प्रशिक्षण और समनुदेशन :- (1) उपाध्यक्ष और सदस्यों के मामले में, सभी विदेशी प्रशिक्षण, विदेशी नियुक्तियां, विदेशी सम्मेलन और विचार गोष्ठिया केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित की जाएंगी।

(2) अन्य सभी मामलों में उपाध्यक्ष यह सुनिश्चित करने के बाद कि वह उससे संबंधित है या प्राधिकरण के हित में है, मंजूरी देगा।

(3) विदेशी प्रशिक्षण और नियुक्ति के लिए दैनिक भत्ते केंद्रीय सरकार के मौजूदा नियमों के अनुसार होंगे।

29. बौद्धिक संपदा अधिकार :- प्राधिकरण के कार्य से उत्पन्न सभी बौद्धिक संपदा अधिकार तथा ऐसे कार्य से संबंधित सभी ट्रेड मार्क और पेटेंट भी प्राधिकरण के होंगे।

30. तकनीकी पत्रिकाओं के लिए अंशदान:- प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा तकनीकी जरनल या पत्रिकाओं के लिए सभी प्रकार का अंशदान उपाध्यक्ष के पूर्वानुमोदन से प्राधिकरण के नाम से होगा। अखबारों, मैगज़ीनों में लेख या टेलीविज़न या रेडियों के कार्यक्रमों में भाग लेना, सभी केंद्रीय सरकार के नियमों द्वारा शासित होंगे।

31. स्थानांतरण भत्ता :- (1) प्राधिकरण में कार्यभार ग्रहण करने के लिए रेलवे से प्रतिनियुक्ति पर जाने और अपने मूल विभाग में वापस आने वाले सभी कर्मचारी अपने मूल विभाग में उन पर लागू दरों पर स्थानांतरण भत्ता प्राप्त करने के पात्र होंगे और उसे प्राधिकरण द्वारा वहन किया जाएगा।

(2) रेलवे के अलावा प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किए गए सभी व्यक्ति नियोक्ता संगठन और प्राधिकरण के बीच सम्मत प्रतिनियुक्ति शर्तों के अनुसार स्थानांतरण भत्ते के हकदार होंगे।

(3) सभी अप्रतिनियुक्ति व्यक्तियों को स्थानांतरण भत्ता तब दिया जाएगा जब वे दिल्ली के बाहर से मुख्यालय आए हों या मुख्यालय के अतिरिक्त प्राधिकरण के किसी अन्य कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर रहे हों।

(4) वे सभी कर्मचारी जो रेलवे (पास) नियमों द्वारा शासित हैं, वे नियमों के अंतर्गत लाभ तब प्राप्त करेंगे जब उन्हें प्राधिकरण द्वारा एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पर स्थानांतरित किया जा रहा

हो और जिसमें उनके परिवार और निवास जो भी अंतरित करने की आवश्यकता हो, भत्ते में निजी सामान के परिवहन की लागत और रेलवे बोर्ड की नीति के अनुसार अन्य प्रतिपूर्ति शामिल होगी।

(5) अन्य कर्मचारी जो स्थानांतरण पर रेलवे (पास) नियमों द्वारा शासित नहीं है, वे एक संयुक्त स्थानांतरण अनुदान के हकदार होंगे।

32. संयुक्त स्थानांतरण अनुदान :- (1) स्थानांतरण के मामले में जहां स्टेशनों की 20 कि.मी. या अधिक दूरी अंतर्विलत हो, तो निवास स्थल बदलने पर एक माह के मूल वेतन के बराबर संयुक्त स्थानांतरण अनुदान देय होगा ।

परंतु कर्मचारी अपना सामान वी पी यू द्वारा लेकर जाता है तो वी पी यू द्वारा कार ले जाने पर उसे मूल वेतन के 80% की दर से और कार न ले जाने पर 75% की दर से संयुक्त (कॉम्पोज़िट) स्थानांतरण अनुदान दिया जाएगा।

(2) स्थानांतरण के मामले में, जब नए स्थान की दूरी पुराने कार्यस्थल से 20 कि.मी. से कम हो तो संयुक्त (कॉम्पोज़िट) स्थानांतरण अनुदान मूल वेतन के एक तिहाई भाग के बराबर होगा।

